
वर्ष : 34 | अंक : 356 | मुंबई, गुरुवार, 5 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
## दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



### माया ईवनाते : आदिवासी और महिला प्रतिनिधित्व पर जोर



माया ईवनाते का नाम इस सूची का 'सरप्राइज फैक्टर' माना जा रहा है। वे नागपुर की पूर्व महापौर रह चुकी हैं और राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य के रूप में भी काम कर चुकी हैं। उन्हें दिल्ली में प्रशासनिक अनुभव भी प्राप्त है। बीजेपी ने उन्हें महिला नेतृत्व, आदिवासी चेहरा और विदर्भ क्षेत्र के प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर मौका दिया है। आदिवासी समाज में उनकी पकड़ को पार्टी के लिए अहम माना जा रहा है।

### रामराव वडकुते : धनगर समुदाय को साधने की रणनीति



रामराव वडकुते पूर्व विधान परिषद सदस्य रह चुके हैं और धनगर समुदाय से आते हैं। वे पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में थे, लेकिन 2019 में भाजपा में शामिल हुए। मराठवाड़ा क्षेत्र में धनगर आरक्षण की मांग के बीच उन्हें राज्यसभा भेजना बीजेपी का बड़ा राजनीतिक कदम माना जा रहा है। वडकुते को उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का करीबी माना जाता है। इस चयन से पार्टी ने मराठवाड़ा और ओबीसी वर्ग में अपनी पकड़ मजबूत करने का प्रयास किया है।

### राज्यसभा के लिए भाजपा की दूसरी लिस्ट जारी

# वफादारी और जातीय संतुलन का कॉकटेल

## महाराष्ट्र से विनोद तावड़े, रामदास आठवले उम्मीदवार, अब तक 13 नाम का ऐलान

धीरज सिंह । मुंबई

**भारतीय जनता पार्टी ने महाराष्ट्र से राज्यसभा की खाली हो रही सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस बार पार्टी ने 'पुराने वफादारों' और 'जातीय संतुलन' को साधने की रणनीति अपनाई है। सूची में केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, माया ईवनाते और रामराव वडकुते के नाम शामिल हैं। इस चयन को दलित, आदिवासी और ओबीसी वर्ग को साधने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।**

### विनोद तावड़े: संगठन के 'संकटमोचक' की वापसी

विनोद तावड़े का नाम सूची में सबसे अहम माना जा रहा है। एबीवीपी से राजनीति शुरू करने वाले तावड़े महाराष्ट्र सरकार में शिक्षा व सांस्कृतिक मंत्री रह चुके हैं। 2019 में टिकट कटने के बाद वे संगठनात्मक भूमिका में सक्रिय रहे और राष्ट्रीय महासचिव बने। पार्टी नेतृत्व में उनकी पहचान भरोसेमंद 'संकटमोचक' के रूप में है। तावड़े को राज्यसभा भेजकर बीजेपी ने मराठा और शहरी मध्यम वर्ग को साधने का संकेत दिया है। उन्हें अमित शाह और जेपी नड्डा का करीबी माना जाता है।

### रामदास आठवले: दलित राजनीति का मजबूत चेहरा

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (A) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी के सहयोगी रहे हैं। दलित राजनीति से उभरकर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचे आठवले दलित पैंथर आंदोलन से जुड़े रहे और तीन बार लोकसभा सांसद रह चुके हैं। वर्तमान में वे केंद्र सरकार में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री के रूप में कार्यरत हैं। इससे विशेषकर बौद्ध समुदाय के बीच सकारात्मक संदेश गया है और पार्टी ने अपने पारंपरिक वोट बैंक को साधने की रणनीति को और मजबूत किया है।

### MVA से राज्यसभा जाएंगे शरद पवार



शरद पवार की राज्यसभा उम्मीदवारी पर महाविकास अघाड़ी (एमवीए) ने अपनी अंतिम मुहर लगा दी है और अब वह गठबंधन के संयुक्त उम्मीदवार होंगे। इस सिलसिले में एनसीपी (शरद चंद्र पवार) की ओर से सुप्रिया सुले ने दिन भर महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं के साथ गहन चर्चा की। इससे पहले उन्होंने उद्धव ठाकरे से भी मुलाकात कर पवार के लिए समर्थन मांगा था। महाराष्ट्र के कांग्रेस नेताओं ने इस विषय पर दिल्ली में मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी से संपर्क किया। आलाकमान से हरी झंडी मिलने के बाद कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर पवार की उम्मीदवारी को मंजूरी दे दी। हालांकि समर्थन से पहले कांग्रेस ने रणनीतिक कदम उठाते हुए एनसीपी नेताओं से यह स्पष्ट करवा लिया कि अजित और शरद गुट के विलय की संभावनाएं अब पूरी तरह समाप्त हो चुकी हैं। कांग्रेस का उद्देश्य भविष्य में किसी भी तरह के राजनीतिक भ्रम को रोकना और गठबंधन की स्थिरता सुनिश्चित करना था। सूत्रों के मुताबिक, इस मुद्दे पर कई दौर की बैठकों में आगामी चुनावी रणनीति, संख्याबल और संभावित समीकरणों पर भी चर्चा हुई। माना जा रहा है कि पवार की उम्मीदवारी से महाविकास अघाड़ी एकजुटता का संदेश देने के साथ-साथ राज्य की राजनीति में अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है

---

#### जुलाई के बाद एल नीनो की वापसी से बढ़ेगी गर्मी

# मार्च में ही झुलसाने लगी गर्मी

एजेंसी । नई दिल्ली/मुंबई

- अधिकतम तापमान 38 डिग्री के पार, मौसम विभाग का अलर्ट जारी
- मार्च से ही देश में सामान्य से अधिक लू की चेतावनी
- फरवरी 1901 के बाद पांचवां सबसे गर्म महीना दर्ज
- महाराष्ट्र में 38.5 डिग्री तक पहुंचा तापमान

दुनिया इस साल सबसे गर्म सालों में से एक रहने वाली है, क्योंकि जुलाई के बाद एल नीनो फिर से लौटने वाला है। देश भर में तापमान लगातार बढ़ रहा है, और भारत मौसम विभाग (IMD) ने पहले ही चेतावनी दे दी है कि इस बार भारत में गर्मी सामान्य से ज्यादा होगी, और हीटवेव मार्च से ही शुरू हो सकती हैं। इस साल गर्मी बहुत जल्दी पड़ गई है। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, ओडिशा में पारा 35-38 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है, और महाराष्ट्र के अकोला में यह 38.5 डिग्री तक पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक, इस हफ्ते उत्तर-पश्चिम भारत के कई इलाकों में दिन का तापमान सामान्य से 4-6 डिग्री ज्यादा रह सकता है। गुजरात और आंध्र प्रदेश के कुछ हिस्सों में मार्च में हीटवेव की संख्या असामान्य रूप से ज्यादा हो सकती है। मार्च से मई के बीच पूरे भारत में सामान्य से ज्यादा हीटवेव वाले दिन रहने की उम्मीद है। लेकिन पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, गंगीय पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, गुजरात और राजस्थान सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले हैं।

### क्या पड़ेगा प्रभाव?

डब्ल्यूएमओ के पूर्वानुमानों के अनुसार, मई–जुलाई में 60 फीसदी संभावना न्यूट्रल स्थिति की है, जबकि एल नीनो की संभावना धीरे–धीरे बढ़कर 40 फीसदी तक पहुंच रही है। मार्च से मई 2026 के लिए वैश्विक स्तर पर जमीन के तापमान के सामान्य से ज्यादा रहने का संकेत मिल रहा है। WMO की महासचिव सेलेस्टे साउलो ने कहा कि 2023–24 का एल नीनो रिकॉर्ड के पांच सबसे मजबूत एल नीनो में से एक था, और इसी की वजह से 2024 में वैश्विक तापमान रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा। आने वाले महीनों में हम स्थिति पर बहुत बारीकी से नजर रखेंगे ताकि सही फैसले लिए जा सकें।



### क्या है एल नीनो?

एल नीनो प्रशांत महासागर के भूमध्यरेखीय क्षेत्र में समुद्र की सतह के पानी के असामान्य रूप से गर्म होने की एक मौसमी घटना है, जो आमतौर पर 2–7 साल में होती है। एल नीनो फिर से लौटने वाला हैमंगलवार को जारी अपनी ताजा अपडेट में विश्व मौसम संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने कहा कि कमजोर ला नीना अब खत्म होकर ईएनएसओ–न्यूट्रल स्थिति में आ रहा है, और साल के बाद में यह एल नीनो की ओर बढ़ सकता है। मई–जून तक न्यूट्रल स्थिति बनी रहने की संभावना है, लेकिन जुलाई के बाद एल नीनो में बदलाव होने की सबसे ज्यादा उम्मीद है। एल नीनो मध्य और भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में समुद्र की सतह के तापमान के बड़े पैमाने पर बढ़ने को कहते हैं, जो हवाओं और बारिश के पैटर्न को प्रभावित करता है। भारत में इससे मानसून में सामान्य से कम बारिश होती है और तापमान सामान्य से ज्यादा रहता है।

### सबसे गर्म फरवरी

इस साल भारत ने 1901 के बाद से 2025, 2016, 2023 और 2006 के बाद पांचवां सबसे गर्म फरवरी देखा है। फरवरी का औसत मासिक तापमान सामान्य से लगभग एक डिग्री ज्यादा 21.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इस महीने कहीं भी कोल्ड वेव या ठंडे दिन नहीं पड़े। पिछले दो महीनों में बारिश बहुत कम हुई, पूरे देश में इस साल 60 फीसदी कम बारिश हुई है। आईएमडी के प्रमुख डॉ. मृत्युंजय मोहपात्रा ने कहा कि फरवरी में बारिश 2001 के बाद सबसे कम और 1901 से तीसरी सबसे कम थी। इस महीने 9 वेस्टर्न डिस्टरबेंस आए, जबकि सामान्य तौर पर 5–6 ही आते हैं। लेकिन इनमें से ज्यादातर कमजोर थे, उन्होंने पूर्वी हवाओं से कोई खास संपर्क नहीं किया और बहुत कम बारिश हुई, जिससे कमी और बढ़ गई। 15 फरवरी के बाद दिन और रात के तापमान में खासा उछाल आया, खासकर गुजरात, राजस्थान और तटीय कर्नाटक के कुछ इलाकों में जहां तापमान सामान्य से 5–8 डिग्री ज्यादा रहा और 30–37 डिग्री के बीच घूमता रहा।

---

# वतन वापसी का मिशन शुरू

### विदेश में फंसे हर महाराष्ट्रीयन को सुरक्षित लाएंगे वापस : फडणवीस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई




युद्धग्रस्त देशों में फंसे महाराष्ट्र के नागरिकों की सुरक्षा को लेकर राज्य सरकार ने बड़ी सक्रियता दिखाई है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में आश्वस्त किया है कि हर एक नागरिक की सुरक्षित घर वापसी के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर काम कर रही हैं। हवाई सेवाएं बाधित होने के बावजूद दूतावासों और विशेष हेल्पलाइन के जरिए राहत पहुँचाई जा रही है।

#### दूतावास और दिल्ली से सीधा संपर्क

युद्ध जैसे हालात की वजह से जब कई देशों की उड़ानें रद्द हुईं, तो मुख्यमंत्री फडणवीस ने बिना देरी किए विदेश मंत्रालय (MEA) से संपर्क साधा। संबंधित देशों में मौजूद भारतीय दूतावासों को 'अलर्ट मोड' पर डाल दिया गया है।

#### कुवैत और दुबई में 'ग्राउंड लेवल' पर मदद

कुवैत में ट्रांजिट यात्रियों को वीजा की समस्या आ रही थी, जिसे भारतीय दूतावास ने अस्थायी व्यवस्था कर सुलझा लिया है। दुबई में विधायक मिहिर कोटेचा ने अपने व्यक्तिगत संपर्कों के माध्यम से वहां फंसे नागरिकों के लिए दो समय के भोजन की व्यवस्था शुरू की है।

#### व्हाट्सएप हेल्पलाइन और वीडियो कॉल

सरकार ने मदद मांगने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर जारी किया है। खुद मंत्री गिरीश महाजन ने फंसे हुए कई नागरिकों से वीडियो कॉल के जरिए बात कर उनका हौसला बढ़ाया है। मुख्य प्रोटोकॉल अधिकारी राजेश गावंडे दूतावासों के साथ लगातार बैठकें कर रहे हैं ताकि नागरिकों को सही एसओपी (SOP) की जानकारी मिलती रहे।

#### केंद्र और राज्य के बीच 'तालमेल' का

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि महाराष्ट्र सरकार अपने स्तर पर अलग विमान भेजने के लिए तैयार थी, लेकिन केंद्र सरकार ने सुरक्षा कारणों से इसे अपने अधिकार क्षेत्र में रखने की सलाह दी है। केंद्र का मानना है कि अलग–अलग राज्यों के स्वतंत्र प्रयासों से भ्रम (Confusion) पैदा हो सकता है। फिलहाल एयर इंडिया की कुछ उड़ानें जोखिम भरे इलाकों से नागरिकों को चरणों में वापस ला रही हैं।

---

### ब्रीफ न्यूज़

#### जबरन वसूली पर साहूकारों का रद्द होगा लाइसेंस

**मुंबई।** विधान परिषद में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने चेतावनी देते हुए कहा कि लाइसेंसधारी निजी साहूकारों द्वारा तय ब्याज दर की तुलना में ज्यादा राशि वसूली करने की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। ऐसे साहूकारों का साहूकारी लाइसेंस रद्द करके फौजदारी मामला दर्ज किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध साहूकारों द्वारा किसानों को प्रताड़ित करने संबंधी किसानों की शिकायत मिलने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बुधवार को प्रश्नकाल में शिवसेना (उद्धव) के विधायक मिलिंद नार्वेकर ने चंद्रपुर में किसानों पर साहूकारों के कर्ज का बोझ होने और माइक्रो फाइनेंस कर्ज का भार बढ़ने को लेकर सवाल पूछा था।

#### स्त्री बीज तस्करी के आरोपियों पर मकोका लगाया जाएगा : कदम

**मुंबई।** बदलापुर में स्त्री बीज (एग) के तस्करी मामले के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मामले में लिप्त डॉक्टर को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना के आरोपियों के खिलाफ मकोका के तहत कार्रवाई करने का विचार है। विधान परिषद में प्रदेश के गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम ने यह आश्वासन दिया। बुधवार को भाजपा विधायक चित्रा वाघ ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के जरिए बदलापुर में आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं का बीज निकालकर तस्करी किए जाने का मुद्दा उठाया।

## विस्फोटक कंपनियों के नियमों में होगा संशोधन



**मुंबई।** देवेंद्र फडणवीस ने विधान परिषद में बताया कि विस्फोटक बनाने वाली कंपनियों की जांच प्रक्रिया को सख्त करने के लिए नियमों में संशोधन प्रस्तावित है। इसके लिए राज्य सरकार केंद्र सरकार को पत्र भेजेगी। उन्होंने कहा कि मौजूदा नियम वर्ष 2008 में बनाए गए थे, जिनमें अब मूलभूत बदलाव की आवश्यकता है। विधान परिषद में कांग्रेस विधायक अभिजीत वंजारी, राकांपा (शरद) विधायक शशिकांत शिंदे और शिवसेना (उद्धव) विधायक सचिन अहिर ने नागपुर जिले की काटोल तहसील के राउलगांव स्थित एसबीएल एनर्जी फैक्टरी में हुए विस्फोट का मुद्दा उठाया। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस हादसे में 19 कर्मियों की मौत हुई, जबकि 17 कर्मचारी घायल हुए हैं। मामले में 21 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है और कंपनी के प्रबंधक समेत 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

## फ्लैट मालिकों की बल्ले-बल्ले

- हाउसिंग सोसाइटियों के 'एनए' टैक्स माफ
- महाराष्ट्र सरकार ने किया एलान

डीबीडी संवाददाता । मुंबई



महाराष्ट्र के शहरी इलाकों में रहने वाले लाखों फ्लैट मालिकों और हाउसिंग सोसाइटियों के लिए सरकार ने खुशियों वाला 'बजट तोहफा' दिया है। 4 मार्च 2026 को विधानसभा में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने घोषणा की कि अब सोसाइटियों को हर साल दिया जाने वाला नॉन-एग्रीकल्चरल (NA) टैक्स नहीं भरना होगा। अभी तक शहरी इलाकों में हाउसिंग सोसाइटियों को हर साल गैर-कृषि (NA) टैक्स देना पड़ता था। सरकार ने अब इस टैक्स को हमेशा के लिए खत्म कर दिया है। यह नियम पुराने बन चुके कंस्ट्रक्शन और भविष्य में बनने वाली नई सोसाइटियों, दोनों पर समान रूप से लागू होगा।

#### पिछला बकाया भी माफ

सोसाइटियों के लिए सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि न केवल भविष्य का टैक्स माफ हुआ है, बल्कि जिन सोसाइटियों का पिछला टैक्स बकाया (Arrears) था, उसे भी सरकार ने पूरी तरह माफ कर दिया है। अब किसी को पुराने बिल भरने की टेंशन नहीं रहेगी। मंत्री बावनकुले ने कहा कि सरकार ने कन्वर्जन टैक्स को लेकर एक आसान तरीका लागू किया है। उसके मुताबिक, 2001 से पहले हुए कंस्ट्रक्शन के लिए 2001 के रेडी रेकनर रेट का 0.10 प्रतिशत रेट तय किया गया है

## बस-कैब सब बंद!




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

**ई-चालान व्यवस्था को लेकर ट्रांसपोर्ट संगठनों का आक्रोश तेज हो गया है। महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट एक्शन कमिटी ने आज से राज्यव्यापी हड़ताल पर जाने की घोषणा की है। कमिटी ने राज्य सरकार को पत्र देकर बताया है कि आज दोपहर 12 बजे आजाद मैदान में अहम बैठक होगी। मांगें नहीं मानी गईं तो इसके बाद हड़ताल शुरू की जाएगी।**

#### आंदोलन में सभी वाहन शामिल होंगे

संगठन के पदाधिकारियों के अनुसार ट्रक, बस, ऑटो रिक्शा, स्कूल बस और टेम्पो सहित सभी प्रकार के वाहन चक्का जाम आंदोलन में भाग लेंगे। संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार ने जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो राज्यभर में बड़ा आंदोलन होगा, जिससे माल परिवहन, सार्वजनिक यातायात और आम लोगों की आवाजाही पर व्यापक असर पड़ सकता है।

#### परिवहन मंत्री की अपील

परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने ट्रांसपोर्टरों से हड़ताल में शामिल न होने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सरकार बातचीत के माध्यम से उनकी मांगों का उचित समाधान निकालने के लिए सकारात्मक है।

#### विधानसभा में भी उठा ई-चालान का मुद्दा

यह मामला विधानसभा में भी गूंज चुका है। कांग्रेस विधायक अमीन पटेल ने कहा कि वर्ष 2017 से लागू ई-चालान प्रणाली के कारण वाहन मालिकों पर भारी आर्थिक बोझ पड़ रहा है। कई मामलों में लाखों रुपये का जुर्माना लगाया गया है, जबकि कुछ वाहनों की कीमत ही इतनी नहीं है। ऐसे में वाहन मालिकों के साथ अन्याय हो रहा है।

## फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र वाले 316 कर्मी निलंबित




**मुंबई।** राज्य की 28 जिला परिषदों में फर्जी दिव्यांगता प्रमाणपत्र और 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता होने के बावजूद नौकरी कर रहे 316 अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है। विधान परिषद में प्रदेश के दिव्यांग कल्याण मंत्री अतुल सावे ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। भाजपा विधायक श्रीकांत भारतीय, भाजपा विधायक अमित गोरखे और भाजपा विधायक चित्रा वाघ ने इस संबंध में लिखित सवाल पूछा था। सावे ने बताया कि राज्य की 28 जिला परिषदों में कुल 10 हजार 922 अधिकारी और कर्मचारी कार्यरत हैं। जिसमें से 6 हजार 218 अधिकारियों और कर्मचारियों के दिव्यांगता प्रमाणपत्र की जांच की गई थी।

## घर लौट रही हैं लापता खुशियाँ




डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में लापता महिलाओं का पता लगाने के लिए एक समर्पित स्पेशल सेल का गठन किया है। विधान परिषद में प्रश्नकाल के दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि इस सेल का नेतृत्व अतिरिक्त महानिदेशक (ADG) स्तर की महिला अधिकारी कर रही हैं। सरकार के इन प्रयासों के परिणामस्वरूप, पिछले एक वर्ष में लापता महिलाओं के मिलने की दर में 10 प्रतिशत का महत्वपूर्ण सुधार देखा गया है।

#### 95% रिकवरी का लक्ष्य

मुख्यमंत्री ने सदन को आश्वस्त किया कि राज्य सरकार का लक्ष्य लापता महिलाओं की खोज के आंकड़े को 95–96 प्रतिशत तक ले जाना है। वर्तमान आंकड़ों के अनुसार, पहले वर्ष में लगभग 55 से 60 प्रतिशत महिलाओं का पता लगा लिया जाता है, जबकि ढाई से तीन साल की अवधि में यह संख्या 90 प्रतिशत तक पहुंच जाती है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक निर्धारित लक्ष्य प्राप्त नहीं हो जाता, तब तक यह अभियान पूरी सक्रियता से जारी रहेगा। राज्यमंत्री डॉ. पंकज भोयर ने आंकड़े साझा करते हुए बताया कि जुलाई 2015 से दिसंबर 2024 के बीच 13 'ऑपरेशन मुस्कान' चलाए गए, जिसके तहत 41,193 बच्चों को खोजा गया।

# छात्र आत्महत्या मामले में शहापुर आदिवासी अधिकारी निलंबित

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

मुरबाड़ तहसील स्थित मोरोशी आश्रम स्कूल में 10वीं कक्षा के छात्र की आत्महत्या के मामले में प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इस प्रकरण में स्कूल के प्रिंसिपल और महिला सुपरिटेंडेंट को निलंबित कर दिया गया है, जबकि परियोजना अधिकारी की भूमिका पर भी सवाल खड़े किए गए हैं। ठाणे के विधायक संजय केलकर ने विधानसभा सत्र में दोषियों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की थी। विधायक संजय केलकर द्वारा जारी बयान के अनुसार, मोरोशी आश्रम स्कूल के छात्र ने 25 दिसंबर को छात्रावास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। इस घटना को लेकर सत्र के दौरान



मुद्दा उठाया गया और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की गई। विधायक ने कहा कि एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा को बढ़ावा देने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर आश्रम स्कूलों और छात्रावासों में सुविधाओं, सुरक्षा और गुणवत्ता की भारी कमी सामने आ रही है।

### परियोजना अधिकारी भी निलंबित

मंत्री अशोक उइके के जवाब पर आपत्ति जताते हुए विधायक संजय केलकर ने सवाल उठाया कि आखिर परियोजना अधिकारी पर कब कार्रवाई होगी। इस पर सदन में तीखी बहस हुई। अंततः मंत्री उइके के निर्देश के बाद संबंधित परियोजना अधिकारी को भी निलंबित कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है और भविष्य में आश्रम स्कूलों में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए ठोस कदम उठाए जाएंगे।

### परियोजना अधिकारी की जिम्मेदारी पर सवाल

बताया गया कि आदिवासी विकास परियोजना विभाग के अंतर्गत आश्रम स्कूलों और छात्रावासों का नियमित निरीक्षण, आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना और सुरक्षा सुनिश्चित करना परियोजना अधिकारी की जिम्मेदारी होती है। लेकिन मोरोशी आश्रम स्कूल की घटना में संबंधित परियोजना अधिकारी पर पहले कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इसी को लेकर विधायक संजय केलकर ने विधानसभा में परियोजना अधिकारी को तत्काल हटाने की जोरदार मांग की थी।

### मंत्री ने दी जांच और निलंबन की जानकारी


आदिवासी विकास परियोजना मंत्री अशोक उइके ने सदन में जवाब देते हुए माना कि आश्रम स्कूलों में इस तरह की घटनाएं सामने आ रही हैं। उन्होंने बताया कि 25 दिसंबर को इस मामले में जांच समिति गठित की गई थी और 26 दिसंबर को रिपोर्ट प्राप्त हुई। इसके आधार पर मोरोशी आश्रम स्कूल के प्रिंसिपल प्रल्हाद भोई और महिला सुपरिटेंडेंट जयश्री वागले को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही पीड़ित परिवार को 2 लाख रुपए की अनुग्रह राशि भी दी गई है।

# जीएसटी विभाग का वरिष्ठ अफसर 45 दिन बाद गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । बीड/पुणे**

वस्तु एवं सेवा कर विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को पुलिस ने पुणे से गिरफ्तार किया है। उन पर विभाग के ही अधिकारी सचिन नारायण जाधव को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। पुलिस के अनुसार, आरोपी अधिकारी डेढ़ महीने से अधिक समय से फरार था और उसके खिलाफ मामला दर्ज होने के बाद तलाश की जा रही थी। सचिन जाधव 17 जनवरी को धुले–सोलापुर राजमार्ग के कपिलाधरवाड़ी इलाके में अपनी कार के अंदर मृत पाए गए थे। घटनास्थल से मिले सुसाइड नोट में उन्होंने काम से जुड़ी परेशानियों का जिक्र किया था। जांच में सामने आया कि वे 16 जनवरी को यह कहकर घर से निकले थे कि दफ्तर जा रहे हैं, लेकिन लौटकर नहीं आए। इस घटना से प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया था।

### सहकर्मी को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप



### पत्नी की शिकायत से तेज हुई जांच

मृतक की पत्नी मयूरी जाधव की शिकायत के बाद मामले में नया मोड़ आया। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया कि अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे वरिष्ठ अधिकारी प्रदीप फाटे ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सचिन जाधव को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। शिकायत में कहा गया कि उन्हें सहकर्मियों के सामने अपमानित किया जाता था और कथित तौर पर गैरकानूनी फाइलें पास करने का दबाव बनाया जाता था।

### लोणीकंद से गिरफ्तारी, आगे की जांच जारी


मामला दर्ज होने के बाद आरोपी अग्रिम जमानत की कोशिश में था, लेकिन अदालत ने याचिका खारिज कर दी। गिरफ्तारी में देरी को लेकर परिजनों ने 25 फरवरी को भूख हड़ताल भी की थी। पुलिस ने तकनीकी जांच और मुखबिरों की सूचना के आधार पर आरोपी को पुणे जिले के लोणीकंद इलाके से एक संयुक्त अभियान में गिरफ्तार किया। फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है और मामले की विस्तृत जांच जारी है।

# अज्ञात चोर ने भीड़ का फायदा उठाकर किया मोबाइल चोरी

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे रेलवे स्टेशन पर भीड़ का फायदा उठाकर एक अज्ञात चोर ने खोपोली से पुणे की ओर जा रही लोकल ट्रेन में यात्रा कर रहे छगन मोहन अडागंले (54) का मोबाइल फोन चुरा लिया। यह घटना 3 मार्च की सुबह उस समय हुई, जब वे ट्रेन से उतर रहे थे। शिकायत के आधार पर अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

पुणे-चिंचवड़ के वाल्हेकरवाड़ी निवासी छगन मोहन अडागंले अपनी बेटी के साथ अंधों के लिए राशन लेने मुलुंड आए थे। वहां से वे सुबह करीब 8.06 बजे मुलुंड से डाउन खोपोली फास्ट लोकल ट्रेन में सवार होकर पुणे के लिए रवाना



हुए। लोकल ट्रेन सुबह 8.10 बजे ठाणे रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म क्रमांक 5 पर पहुंची।

ट्रेन से उतरते समय अज्ञात चोर ने उनकी दाहिनी पतलून की जेब से करीब 16,500 रुपए मूल्य का मोबाइल फोन निकाल लिया। कुछ देर तक मोबाइल बजता रहा, लेकिन बाद में बंद हो गया, जिससे चोरी की पुष्टि हुई।

### रेलवे पुलिस में शिकायत दर्ज

घटना के बाद अडागंले ने ठाणे लोहमार्ग पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से आरोपी की पहचान करने की कोशिश की जा रही है।

# 5 लाख की ठगी का भंडाफोड़

## पुलिस बनकर आए बदमाशों ने लूटी रकम, 8 आरोपी गिरफ्तार



**डीबीडी संवाददाता । कल्याण**

कल्याण में पैसे बदलने का झांसा देकर 5 लाख रुपए की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया गया है। इस मामले में कोळसेवाडी पुलिस ने 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 2.36 लाख रुपए नकद, दो स्कॉर्पियो कार और 9 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता दीपक शिंदे (निवासी वाघोली, पुणे) को आरोपियों ने 5 लाख रुपए के बदले 7 लाख रुपए देने का लालच दिया। इसके लिए उन्हें कल्याण पूर्व बुलाया गया। दीपक शिंदे 5 लाख रुपए लेकर विठ्ठलवाड़ी रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां आरोपियों ने सुट्टे पैसे देने का बहाना किया।

इसी दौरान एक स्कॉर्पियो वाहन से 3–4 युवक मौके पर पहुंचे और खुद को पुलिस बताते हुए पूछताछ का नाटक किया। उन्होंने पैसे बदलने वाले व्यक्ति को अपनी गाड़ी में बैठाया और शिकायतकर्ता के हाथ से 5 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए।

### तकनीकी जांच से सुराग, नाकाबंदी कर गिरफ्तारी

घटना की जानकारी मिलते ही कोळसेवाडी पुलिस थाना में अपराध क्रमांक 103/2026 के तहत मामला दर्ज किया गया। क्राइम ब्रांच की तकनीकी जांच में पता चला कि आरोपी स्कॉर्पियो (MH-04-GD-7823) से पुराने पुणे हाईवे की ओर जा रहे हैं। तलेगांव दाभाडे पुलिस थाने को अलर्ट कर सोमाटणे फाटा टोल नाके पर चार आरोपियों को पकड़ा गया। अन्य आरोपी आलंदी मार्ग से अहिल्यानगर की ओर भागते मिले, जिन्हें राहुरी पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया।

### गिरफ्तार आरोपियों के नाम

पुलिस ने जिन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, उनके नाम हैं — संजय नागोजीराव भोसले (56), गौसपाक गुलाम हुसैन शेख (36), सोमीनाथ तुळशीराम गायकवाड (50), अरविंद नागनाथ जॉजट (39), उमाशंकर हनुमान प्रसाद पांडे उर्फ पप्पू (51), शरद कुमार मोहन (46), नरेश फट्टू शर्मा (45) और लक्ष्मण उर्फ प्रदीप विश्वनाथ धनवे (38)।

### जब्ती और आगे की कार्रवाई

आरोपियों से 2 लाख 36 हजार रुपए नकद, अपराध में प्रयुक्त दो स्कॉर्पियो वाहन और 9 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। अन्य फरार आरोपियों की तलाश जारी है। यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त अतुल झेंडे, सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणजी घेटे तथा वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक हेमंत गुरख और पुलिस निरीक्षक गणेश न्हायदे के मार्गदर्शन में कोळसेवाडी पुलिस स्टेशन की टीम ने की है।

# पार्किंग में दो लग्ज़री फोर-व्हीलर में लगी आग

### दो गाड़ियां जलीं, कोई जनहानि नहीं



**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

घोड़बंदर रोड स्थित मानपाड़ा इलाके के नेप्रो मैदान में बुधवार सुबह करीब 11 बजे पार्क की गई दो लग्ज़री फोर-व्हीलर में अचानक आग लग गई। घटना की जानकारी आपदा प्रबंधन के मुख्य अधिकारी यासीन तड़वी ने दी। आग लगने से इलाके में अफरा-तफरी मच गई, हालांकि इस हादसे में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। ठाणे मनपा आपदा प्रबंधन सेल के अनुसार आग से दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

सूचना मिलते ही शक्ति फायर डिपार्टमेंट और आपदा प्रबंधन सेल के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और स्थानीय नागरिकों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। इस घटना में अमृता मधुकर गाडे की फोर-व्हीलर पूरी तरह जलकर खाक हो गई, जिससे उसे भारी नुकसान हुआ, जबकि संदीप जाधव की चार पहिया गाड़ी को आंशिक नुकसान पहुंचा है।

# पूर्व उपमहापौर बने स्थायी समिति के सभापति

**डीबीडी संवाददाता । भाईंदर**

मीरा-भाईंदर महानगरपालिका (मनपा) की स्थायी समिति के सभापति पद पर पूर्व उपमहापौर हसमुख गहलोत को निर्विरोध चुना गया है। वहीं महिला एवं बाल कल्याण समिति की सभापति अनीता जयवंत पाटिल तथा उपसभापति हेमा राजेश बेलानी को भी निर्विरोध घोषित किया गया। यह घोषणा मनपा मुख्यालय में आयोजित विशेष बैठक में पीठासीन अधिकारी एवं जिलाधिकारी (मुंबई उपनगर) सौरभ कटारिया ने की। भाजपा ने स्पष्ट बहुमत के दम पर एक बार फिर मनपा में अपना दबदबा कायम रखा है। शहर के मतदाताओं ने विकास और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों पर भाजपा को समर्थन देकर एकतरफा जीत दिलाई।

अब भाजपा के सामने शहर के विकास कार्यों को गति देने के साथ-साथ मनपा की खाली



तिजोरी को भरने की बड़ी चुनौती भी है। मनपा में स्थायी समिति का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। यह समिति विभिन्न विभागों की गतिविधियों की निगरानी करती है और उनके कामकाज की समीक्षा करती है। समिति विधेयकों, बजट अनुमानों, विभागीय कार्यों, नियमों और आश्वासनों की जांच कर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करती है। स्थायी समिति के सभापति वित्तीय प्रबंधन, परियोजनाओं की मंजूरी और प्रशासनिक निर्णयों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं।

### महिला एवं बाल कल्याण समिति का गठन

महिला एवं बाल कल्याण समिति में कुल 9 सदस्य होंगे, जिनमें 7 भाजपा और 2 कांग्रेस की नगरसेविकाएं शामिल हैं। इस समिति की सभापति अनीता पाटील और उपसभापति हेमा राजेश बेलानी होंगी। अन्य सदस्यों में रुपाली मोदी, सुरेखा सोनार, जया दत्ता, स्नेहा पांडे, दीप्ति भट्ट तथा कांग्रेस की नगरसेविकाएं रुबीना फिरोज और रिजवाना शेख शामिल हैं।

### स्थायी समिति का गणित

स्थायी समिति में कुल 16 सदस्य होंगे, जिनमें 13 भाजपा, 2 कांग्रेस और 1 शिवसेना (शिंदे) गुट से हैं। समिति में सभापति हसमुख गहलोत के साथ प्रकाश जिलेदारसिंह, संजय थेराडे, आनंद मांजरेकर, वंदना भावसार, हेतल परमार, मनोज दुबे, गणेश शेट्टी, अनिल विराणी, पंकज (दरोगा) पांडे, दीपक सावंत, विशाल पाटील और नवीन सिंह शामिल हैं।

# होली के दिन युवक की चाकू मारकर हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई**

कामोठे सेक्टर-14 स्थित गांव देवी मंदिर के पास होली के दिन एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। इस घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी गौरव सतबीर पवार उर्फ काल्या और प्रेम प्रकाश पेटकर ने 23 वर्षीय राहुल बुमबक पर हमला किया।



बताया जा रहा है कि 'क्या देख रहा है' जैसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ। इसी दौरान प्रेम प्रकाश पेटकर ने राहुल को पकड़ लिया, जबकि गौरव पवार ने चाकू से उसके पेट पर वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल राहुल को बचाया नहीं जा सका।

### पुलिस ने तुरंत की कार्रवाई

घटना की सूचना मिलते ही कामोठे पुलिस स्टेशन की टीम मौके पर पहुंची और हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल किया गया चाकू भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ कर घटना के पीछे के पूरे कारणों का पता लगाया जा रहा है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था भी बढ़ा दी गई है ताकि किसी तरह की और अप्रिय घटना न हो।

# एक्शन मोड में ठाणे आरटीओ

## 21 स्कूल बसों और 4 अवैध बसों के खिलाफ कार्रवाई

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

मार्च महीने के दौरान गैर-कानूनी पैसेंजर ट्रांसपोर्ट और लापरवाह स्कूल बस चालकों के खिलाफ बड़ा अभियान चलाया गया। 1 से 31 मार्च तक स्कूल बसों और प्राइवेट पैसेंजर वाहनों का विशेष निरीक्षण किया गया। ठाणे मुख्य आरटीओ कार्यालय ने 100 से अधिक स्कूल बसों की जांच की, जिनमें से नियमों के उल्लंघन पर 21 बसों पर जुर्माना लगाया गया। इसके अलावा, बिना परमिशन के यात्रियों को ले जा रही 4 प्राइवेट बसों पर भी कार्रवाई की गई।



### जांच में सामने आईं खामियां

निरीक्षण के दौरान कई बसों में तकनीकी खामियां, अधूरे दस्तावेज, फिटनेस सर्टिफिकेट की कमी और सुरक्षा नियमों का उल्लंघन पाया गया। ऐसी 21 स्कूल बसों पर पेनल्टी कार्रवाई की गई और संबंधित संचालकों को तुरंत नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। वहीं, बिना अनुमति यात्रियों को ढो रही 4 प्राइवेट बसों पर भी सख्त कदम उठाए गए। उप आरटीओ अधिकारी रोहित काटकर ने बताया कि नियम तोड़ने वालों को किसी भी हालत में माफी नहीं दी जाएगी। मुख्य आरटीओ अधिकारी हेमांगिनी पाटील ने कहा कि एसटी बस रूट पर अवैध रूप से यात्रियों को उठाकर प्रतिस्पर्धा करने वाली निजी बसों पर विशेष नजर रखी जा रही है।

### मंत्री और आयुक्त के सख्त निर्देश

राज्य के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक और परिवहन आयुक्त राजेश नार्वेकर ने विशेष निरीक्षण अभियान में नियम तोड़ने वालों पर सख्ती बरतने के स्पष्ट आदेश दिए हैं। इसी के तहत ठाणे आरटीओ की टीमों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर जांच शुरू की। वागले एस्टेट, घोड़बंदर रोड, कोपरी, कलवा, भिवंडी शहरी–ग्रामीण और शहापुर इलाकों में दस्तावेज, फिटनेस, बीमा, ड्राइविंग लाइसेंस, इमरजेंसी एग्जिट डोर, फायर सिस्टम, सीसीटीवी और छात्रों की सुरक्षा से जुड़ी सुविधाओं की जांच की गई।

# दुर्घटनामुक्त महावितरण हमारा लक्ष्य : संजय पाटील

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

आधुनिक युग में अन्न, वस्त्र और आवास के साथ बिजली भी आमजन की मूलभूत आवश्यकता बन चुकी है। उद्योग, व्यापार, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे हर क्षेत्र की प्रगति में बिजली की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में धूप, बारिश और तेज हवा की परवाह किए बिना निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने वाले लाइनमैन बिजली वितरण व्यवस्था की रीढ़ माने जाते हैं। इसी योगदान के सम्मान

## भांडुप परिमंडल में लाइनमैन दिवस उत्साह के साथ मनाया गया



में 4 मार्च को लाइनमैन दिवस मनाया जाता है। भांडुप परिमंडल के अंतर्गत ठाणे, पेण और वाशी मंडलों का संयुक्त कार्यक्रम ठाणे में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य अभियंता संजय पाटील ने की। इस अवसर पर अधीक्षक अभियंता माणिक राठौड़, सहायक महाव्यवस्थापक नमिता गझदर, वित्तीय सलाहकार जितेंद्र फुले, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. गुरुदत्त अमीन तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ। अतिथियों का स्वागत किया गया और सभी ने सुरक्षा शपथ ली। महावितरण के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक तथा निदेशक के प्रेरणादायी संदेश वीडियो के माध्यम से प्रदर्शित किए गए। इस दौरान ठाणे के 12, वाशी के 10 और पेण के 8 लाइनमैन को पदक एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित कर्मियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कर्तव्यनिष्ठा और सेवा भावना पर प्रकाश डाला।

### 'चार ए' का मंत्र : जिम्मेदारी और सेवा की भावना

मुख्य अभियंता संजय पाटील ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य के विकास में महावितरण का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है और फील्ड में कार्यरत लाइनमैन इसकी असली ताकत हैं। उन्होंने कर्मचारियों को 'चार ए' का मंत्र अपनाने की अपील की– **अपघातमुक्त कार्य** : सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना। **बिजली चोरी पर रोक** : नुकसान कम कर व्यवस्था सुदृढ़ करना। **बकाया वसूली** : राजस्व सुधार के लिए प्रभावी प्रयास। **ब्रांड दूत की भूमिका** : उपभोक्ताओं के साथ बेहतर व्यवहार कर सकारात्मक छवि बनाना। उन्होंने कहा कि यदि सभी कर्मचारी जिम्मेदारी और अनुशासन के साथ कार्य करें, तो महावितरण की सफलता की कहानी और आगे बढ़ेगी। कार्यक्रम का समापन आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# केवल संदेह के आधार पर सजा नहीं दी जा सकती : कोर्ट

## सेशन कोर्ट के दो दोषियों को कठोर आजीवन कारावास की सजा रद्द

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

बॉम्बे हाई कोर्ट ने एक महिला की हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा पाए दो दोषियों को बरी करते हुए स्पष्ट किया कि केवल संदेह के आधार पर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि कानून का सिद्धांत है—शक चाहे कितना भी मजबूत हो, वह सबूत का स्थान नहीं ले सकता। जब तक आरोपी का अपराध संदेह से परे सिद्ध न हो जाए, उसे निर्दोष माना जाएगा।

न्यायमूर्ति मनीष पितले और न्यायमूर्ति श्रीराम शिरसाट की पीठ ने अविनाश भूषण पिंपलकर उर्फ राजू और मुकेश महादेव मुसहर की अपील स्वीकार करते हुए मुंबई सत्र न्यायालय के 12 जनवरी 2018 के दोषसिद्धि और आजीवन कारावास के आदेश को रद्द कर दिया।



### 'लास्ट सीन' सिद्धांत पर्याप्त नहीं

पीठ ने कहा कि महिला को घटना की रात 12 से 1 बजे के बीच आरोपियों के साथ देखा गया था, जबकि उसकी लाश अगले दिन सुबह 9 बजे मिली। इस समयांतराल में किसी तीसरे व्यक्ति के हस्तक्षेप की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

### सबूतों में कई खामियां

अदालत ने पाया कि ईंट और पत्थर सार्वजनिक स्थान से बरामद हुए थे और पंच गवाह 'रूटीन' पुलिस गवाह थे। आरोपी हथकड़ी में थे, इसलिए उनकी ओर से किया गया खुलासा स्वेच्छिक नहीं माना जा सकता। बरामद वस्तुओं को मौके पर सील करने का पर्याप्त प्रमाण नहीं था। फॉरेंसिक रिपोर्ट निर्णायक नहीं पाई गई और आरोपियों के कपड़ों पर खून के धब्बे भी नहीं मिले।

### क्या था मामला

अभियोजन के अनुसार, 25 मार्च 2016 को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना मिली थी कि दक्षिण मुंबई के पी. डी'मेलो रोड पर रेलवे क्लेम ट्रिब्यूनल परिसर के पास एक महिला की लाश पड़ी है। एमआरए मार्ग पुलिस स्टेशन में हत्या का मामला दर्ज किया गया और शक के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। हाई कोर्ट ने माना कि परिस्थितियों की कड़ी पूरी तरह साबित नहीं हुई है, इसलिए दोनों को बरी करते हुए आदेश दिया कि यदि वे किसी अन्य मामले में वांछित न हों!

# महाराष्ट्र में ऊर्जा क्षेत्र को मिली सौगात

**55 MoU से 78,215 मेगावाट बिजली उत्पादन का लक्ष्य**



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने जल संसाधन विभाग के माध्यम से पंप स्टोरेज (उदंचन जलविद्युत) परियोजनाओं के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ कुल 55 सामंजस्य करार (MoU) किए हैं। इन करारों के तहत 78,215 मेगावाट बिजली उत्पादन क्षमता विकसित करने का प्रस्ताव है। इन परियोजनाओं में लगभग 4,16,701 करोड़ का निवेश होगा और करीब 1,27,990 लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है। विधान भवन में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए देवेंद्र फडणवीस ने सभी संबंधित एजेंसियों को परियोजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में जल संसाधन मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटील, गिरीश महाजन और विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कपूर भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन परियोजनाओं से राज्य की ऊर्जा सुरक्षा मजबूत होगी।

मुख्यमंत्री फडणवीस ने बताया कि 55 करारों में से 10,300 मेगावाट क्षमता की 6 परियोजनाओं के विस्तृत प्रकल्प प्रतिवेदन (DPR) को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की मंजूरी मिल चुकी है और उन पर काम शुरू हो गया है।

# सूर्या बांध पीड़ितों को मिलेगा 45 साल बाद न्याय

## राजस्व मंत्री का सात-बारा देने का ऐलान

**मुंबई।** पालघर जिले में सूर्या बांध परियोजना के कारण विस्थापित चंद्रनगर और हनुमाननगर के आदिवासियों को अब जमीन का मालिकाना हक मिलने जा रहा है। बुधवार को विधानसभा में राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने घोषणा की कि एक महीने के भीतर परियोजना से प्रभावित शेष 205 किसानों को सात-बारा उतारा और जमीन के नक्शे उपलब्ध करा दिए जाएंगे। विधायक राजेंद्र गावित ने सदन में बताया कि पालघर जिले में सूर्या डैम परियोजना 1970 से 1982 के बीच पूरी हुई थी, जिसके लिए 11 गांवों का विस्थापन किया गया। चंद्रनगर और हनुमाननगर में पुनर्वास तो हुआ, लेकिन कई किसानों को अब तक सात-बारा, गांव का नक्शा और अधिग्रहित जमीन का उचित मुआवजा नहीं मिल पाया। विधायक गावित ने यह भी कहा कि सात-बारा उपलब्ध कराए बिना ही इस क्षेत्र की जमीनों का अधिग्रहण आगे की बड़ी परियोजनाओं के लिए किया गया।



### 262 खाताधारकों को मिल चुका है सात-बारा

राजस्व मंत्री ने जानकारी दी कि इस प्रकरण में कुल 467 खाताधारक हैं, जिनमें से 262 को पहले ही सात-बारा दिया जा चुका है, जबकि 200 से अधिक किसानों का मामला अभी लंबित है। वर्षों से स्पष्ट सीमांकन न होने के कारण कई स्थानों पर भू-सीमा में बदलाव और अतिक्रमण की समस्या सामने आई है। सभी जमीनों का पुनः सीमांकन कर सटीक नक्शे तैयार करने का काम शुरू कर दिया गया है।

मंत्री बावनकुले ने बताया कि सीमांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शेष किसानों को एक महीने के भीतर सात-बारा की प्रतियां और नक्शे दिए जाएंगे। इसके बाद अधिग्रहित जमीनों का मुआवजा देने की प्रक्रिया भी तुरंत पूरी की जाएगी। उन्होंने भरोसा जताया कि इससे सूर्या बांध परियोजना से प्रभावित किसानों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान हो सकेगा।

# 44 करोड़ की हाइड्रोपोनिक वीड हीरे-सोना और विदेशी मुद्रा जब्त



डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट देश के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक है, जहां अंतरराष्ट्रीय तस्करी की कोशिशें लगातार सामने आती रहती हैं। इसी को रोकने के लिए कस्टम विभाग ने 24 फरवरी से 3 मार्च के बीच व्यापक अभियान चलाकर ड्रग्स, हीरे, सोना और विदेशी मुद्रा की तस्करी के कई मामलों का खुलासा किया। स्पॉट चेक और APIS प्रोफाइलिंग के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

### मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम की कार्रवाई

कस्टम अधिकारियों ने आठ मामलों में कुल 44 .292 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड बरामद की, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 44 .29 करोड़ आंकी गई है। यह ड्रग्स बैंकॉक से आए नौ यात्रियों के पास से पकड़ी गई। सभी आरोपियों को नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (NDPS) एक्ट, 1985 के तहत गिरफ्तार किया गया है।

### हीरे, सोना और विदेशी मुद्रा की बरामदगी

कस्टम ने पांच अलग-अलग मामलों में विदेशी और भारतीय मुद्रा भी जब्त की, जिसकी कुल कीमत लगभग 32 .85 लाख है। साथ ही 455 कैरेट प्राकृतिक और लैब-ग्रोन हीरे, जिनकी कीमत करीब 94 .97 लाख है, बरामद किए गए। अधिकारियों ने 160 .790 ग्राम वजन के 21 कैरेट सोने के टूटे हुए आभूषण भी जब्त किए, जिनकी कीमत करीब 21 .51 लाख आंकी गई है।

# चयन सहायक अध्यापक पद पर हुआ तो नियुक्ति भी उसी पद पर होनी चाहिए: कोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने कहा है कि जब किसी अभ्यर्थी का चयन सहायक अध्यापक पद पर किया गया हो, तो उसकी नियुक्ति भी उसी पद पर की जानी चाहिए। सहायक अध्यापकों को 'शिक्षण सेवक' के रूप में नियुक्त करना गलत और कानून के विपरीत है।

अदालत ने पुणे की पीसीएमसी को निर्देश दिया है कि वह अपने माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत 51 शिक्षकों को सहायक अध्यापक पद पर उसी वेतनमान में नियुक्त करे। न्यायमूर्ति रविंद्र वी. घुगे और न्यायमूर्ति अभय जे. मंत्री की पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ताओं का चयन सहायक अध्यापक (अनुदान रहित) पद के लिए हुआ था। मेरिट सूची में उनका पद और वेतनमान 38,600 से 1,22,800 तक स्पष्ट रूप से दर्शाया गया था।कोर्ट ने कहा कि शिक्षण सेवक योजना केवल 100 प्रतिशत अनुदानित विद्यालयों पर लागू होती है, जबकि यह मामला अनुदान रहित विद्यालयों से संबंधित है। ऐसे में नियुक्ति आदेश में शिक्षकों को शिक्षण सेवक बनाना तर्कहीन और अनुचित है।



पीठ ने पीसीएमसी को 10 कार्य दिवसों में पुराने आदेश वापस लेकर नए नियुक्ति आदेश जारी करने को कहा है। साथ ही 21 जून 2024 से वेतन अंतर 45 दिनों में चुकाने का आदेश दिया गया है। देरी होने पर 5 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज देना होगा और पहले दिए गए 18,000 प्रतिमाह मानधन को समायोजित किया जाएगा।

गृहनिर्माण विभाग

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

SRA/AR/OW/२०२६/९४९१ सहकार कक्ष, झोपुप्रा, बृहन्मुंबई
जा. क्र. झोपुप्रा/सहा/कार्यासन- १/ टे.सी. ६/ सन २०२६, दिनांक : ०४/०३/२०२६.

**-: विशेष सर्वसाधारण सभेची नोटीस :-**

श्री सिध्दीविनायक जीआयके एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था मर्या., सीटीएस नं. १८२ अ (पै), लक्ष्मीबाग, राजाराम शिवराम बने मार्ग, कॅनरा कंपनी जवळ, घाटकोपर (पुर्व), मुंबई ४०० ०७५ या योजनेचे विकासक योजनेचे विकासक मे. साई चरण डेव्हलपर्स व वास्तुविशारद मे. नेक्सस्टेप कंन्सल्टन्स यांची मा. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, झोपुप्रा. यांनी दि. ३१/०१/२०२५ रोजीचे कलम १३ (२) चे आदेशान्वये नियुक्ती रद्द केली आहे. सदर आदेशाच्या अनुषंगाने संस्थेचे नविन विकासक व वास्तुविशारद यांची नियुक्ती करणेसाठी संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट- २ मध्ये पात्र असलेल्या झोपडीधारकांची विशेष सर्वसाधारण सभा घेणेसाठी संस्थेने केलेल्या विनंतीनुसार मा. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, झोपुप्रा. यांनी टिप्पणीस दिलेल्या मान्यतेनुसार मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पुर्व व पश्चिम उपनगरे), झोपुप्रा., मुंबई यांनी सदर सभेसाठी प्राधिकृत अधिकारी म्हणून माझी नियुक्ती केलेली आहे.

त्यास अनुसरुन नियोजित संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट २ मधील पात्र झोपडीधारकांची विशेष सर्वसाधारण सभा बुधवार, **दि. १९/०३/२०२६ रोजी सकाळी १०:०० वाजता, स्थळ :- बनिता विकास मंडळ, प्लॉट नं. २७९, पंतनगर, घाटकोपर (पुर्व), मुंबई ४०० ०७५** येथे आयोजित करण्यात आलेली आहे. सदर सभेस संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट २ मध्ये पात्र झोपडीधारकांनीच आवश्यक त्या ओळखपत्रासह उपस्थित रहावे.

**-: सभेपुढील विषय :-**

**संस्थेसाठी नविन विकासक व वास्तुविशारद नियुक्तीबाबत ठराव पारित करणे.**

दिनांक :- ०४/०३/२०२६
ठिकाण :- मुंबई.

सही/-
**(आर. एन. हळदे)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
प्राधिकृत अधिकारी श्रेणी-१, झोपुप्रा. मुंबई.

- सभेस संस्थेच्या मंजूर परिशिष्ट २ मधील पात्र झोपडीधारक पती पत्नी या दोघांपैकी एकाच व्यक्तीस उपस्थित राहता येईल. इतर नातेवाईकांना अथवा प्रतिनिधींना उपस्थित राहता येणार नाही.
- मंजूर परिशिष्ट २ मधील पात्र व्यक्तींनी स्वतःची ओळख होईल अशा ओळखपत्रासह (आधार कार्ड / निवडणूक ओळखपत्र / पॅनकार्ड इत्यादी) उपस्थित रहावे.
- संस्थेच्या सभासदांना सभागृहात प्रवेश देते वेळी त्यांनी त्यांची ओळख पटवून सभेच्या उपस्थिती नोंदवहीत स्वाक्षरी करुन व बायोमॅट्रीक पध्दतीने उपस्थिती नोंदविल्यानंतरच सभागृहात प्रवेश दिला जाईल.
- सभेच्या कामकाजाचे प्राधिकरणामार्फत व्हिडीओ चित्रिकरण करण्यात येईल.

गृहनिर्माण विभाग

**झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरण, बृहन्मुंबई**

जा.क्र. SRA/ARWS/OW/ ९७५०/ सन २०२६
सहकार कक्ष, झो.पु.प्रा., मुंबई, दिनांक ०४.०३.२०२६

**-: ऑनलाईन सोडत पध्दतीने सदनिका वाटपाची सुचना :-**

(नियोजित) शांती सागर एसआरए सहकारी गृहनिर्माण संस्था, न.भु.क्र. एफ / १४७९ / बी आणि एफ पी. १३१, टीपीएस-III, ऑफ व्हिलेज बांद्रा, गोदीवाला कम्पाऊंड, पाचवा रोड, ओल्ड खार (प), मुंबई-४०००५२ या पुनर्वसन योजनेमधील पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारतीमधील एकुण ५८ निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण करण्यासाठी मा. सहाय्यक निबंधक, सहकारी संस्था (पुर्व व पश्चिम उपनगरे), मुंबई यांचेकडिल दिनांक ०४.०३.२०२६ रोजीचे पत्रान्वये माझी प्राधिकृत अधिकारी म्हणुन नियुक्ती करण्यात आलेली आहे.

त्यानुसार संस्थेच्या पुनर्वसन इमारतीमधील **निवासी सदनिकांचे सोडत पध्दतीने वितरण मंगळवार दिनांक १०.०३.२०२६ रोजी सकाळी ११.३० वाजता, स्थळ प्राधिकरणाच्या कार्यालयात ऑनलाईन पध्दतीने झूम ॲप (Zoom App) वर संगणीकृत प्रणालीव्दारे आयोजित केलेली आहे.** सदर वाटपावेळी फक्त पात्र झोपडीधारकांनीच मुळ आधारकार्ड सह झूम ॲपवर उपस्थित राहावे.

**-: सभेचा विषय :-**

झोपडपट्टी पुनर्वसन प्राधिकरणाकडुन ऑनलाईन झूम ॲप (Zoom App) वर सोडत पध्दतीने पात्र झोपडीधारकांना पुनर्वसन इमारतीमधील ५८ निवासी सदनिकांचे वाटप करणे.

**Meeting ID: 869 7947 4518**
**Passcode: 828828**
ठिकाण : मुंबई
दिनांक : ०४.०३.२०२६

सही/
**(महश नलावडे)**
प्राधिकृत अधिकारी तथा
सहकारी अधिकारी, (श्रेणी-२), झोपुप्रा, मुंबई.

**टिप :** १) सोडतीसाठी पात्र (पती/पत्नी) झोपडीधारकांनीच ऑनलाईन लॉटरीमध्ये विहीत वेळेत व तारखेस सहभागी व्हावेत.
२) सोडतीच्या वेळी ज्या झोपडीधारकांचे नाव परिशिष्ट-२ मध्ये पात्र आहेत अशा व्यक्ती अंध, अपंग, विधवा महिला कुटुंब प्रमुख यांनी पुनर्वसन इमारतीमधील खालच्या मजल्यावरील सदनिकांची प्राधिकरणाच्या sravcmumbai@gmail.com या ईमेल आयडीवर दिनांक ०९.०३.२०२६ पर्यंत लेखी पत्राने मागणी केल्यास परिपत्रकातील तरतुदीनुसार सदनिका वाटप करण्यात येईल. सदर गटातील व्यक्तींनी ईमेल आयडीवर शासनमान्य अंध-अपंग, विधवा याबाबतचा पुरावा दाखला सादर करावा.

# तीन पदाधिकारियों का इस्तीफा मंजूर

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा एपी) के तीन प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों का इस्तीफा बुधवार को प्रदेश राकांपा कार्यालय ने मंजूर कर लिया है। इन इस्तीफों को लेकर पार्टी संगठन में राजनीतिक हलचल तेज हो गई है।

पार्टी सूत्रों के अनुसार, 26 जनवरी को इन तीनों विभाग अध्यक्षों ने प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे के खिलाफ नाराजगी जताते हुए इस्तीफा दिया था। हालांकि उस समय पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पवार ने इस्तीफे स्वीकार नहीं किए थे और पदाधिकारियों को काम जारी रखने की सलाह दी थी। सूत्रों के मुताबिक, अजीत पवार के 28 जनवरी को विमान हादसे में निधन के बाद अब प्रदेश राकांपा एपी कार्यालय ने इन इस्तीफों को स्वीकार कर लिया है। इस्तीफा देने वालों में असंगठित कामगार विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज व्यवहारे, उद्योग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष मालपानी और मोटर ओनर्स ट्रांसपोर्ट विभाग के प्रदेश अध्यक्ष सचिन जाधव शामिल हैं।

**मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
दूसरी मंजिल, चर्चगेट स्टेशन बिल्डिंग, मुंबई-400020

**रिक्ति अधिसूचना सं.: एमआरवीसी/ई/65/2026/आरईजी दिनांक 02-03-2026**

मुंबई रेलवे विकास कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा **"प्रबंधक (सिविल)" आईडीए ई3 स्केल** में 05 पदों को नियमित आधार पर भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते है। ई-मेल द्वारा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **20-03-2026** है। अधिक जानकारी वेबसाइट **https://mrvc.indianrailways.gov.in** पर प्राप्त की जा सकती है। **शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर पोस्ट किया जाएगा।**

# दो महिला वकीलों के बीच मारपीट, एफआईआर दर्ज

**पुणे/मुंबई।** पुणे जिला न्यायालय परिसर में दो महिला वकीलों के बीच हुई मारपीट के मामले में बुधवार को शिवाजीनगर पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार, शिकायतकर्ता महिला वकील पिछले डेढ़ वर्ष से मोटर व्हीकल न्यायालय में प्रैक्टिस कर रही है और केस मिलने को लेकर आरोपी वकील से उसका पुराना विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते 24 फरवरी को पहले दोनों में बहस हुई और बाद में आरोपी महिला वकील ने कोर्ट परिसर में ही शिकायतकर्ता को गाली देते हुए मारपीट की तथा सिर पर वार किया!

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**सी.एच.ई. (एस.ओ.) विभाग**

क्र. ई.ई.एम./एस. ई. डब्ल्यू./7907/सिटी-1 दिनांकः 04 मार्च 2026

**ई-निविदा सूचना**

बृहन्मुंबई के मनपा आयुक्त द्वारा निम्नलिखित ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र महा-टेंडर पोर्टल (https://mahatenders.gov.in/nicgep/app) के "ई-प्रोक्योरमेंट" अनुभाग से डाउनलोड किए जा सकते हैं।

| क्र. सं. | निविदा का विषय | निविदा आईडी | ईएमडी (रु.) | निविदा शुल्क (रु.) | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ई.ई. (मेच.) (सीव.) सिटी-1, 2 एवं उप मुख्य अभियंता (एस.ओ.) सिटी के कक्षों की मरम्मत का कार्य, जो एस.ओ. प्रशासनिक भवन, दादर (प.) में स्थित है। | 2026_MCGM_1283631_1 | 10,000/- | 1452/- + 18% जीएसटी | 12.03.2026, अपराह्न 4:00 बजे तक |
| 2 | दादर पंपिंग स्टेशन कॉम्प्लेक्स स्थित सीवरेज संचालन प्रशासनिक भवन एवं उसके परिसर के लिए सफाई सेवाएँ उपलब्ध कराने का कार्य। | 2026_MCGM_1283621_1 | 17,000/- | 3630/- + 18% जीएसटी | 12.03.2026, अपराह्न 4:00 बजे तक |
| 3 | संत गाडगे महाराज चौक पंपिंग स्टेशन पर कार्यालय कर्मचारियों हेतु पोर्टेबल केबिन का निर्माण, आपूर्ति एवं स्थापना कार्य। | 2026_MCGM_1283635_1 | 20,000/- | 3630/- + 18% जीएसटी | 12.03.2026, अपराह्न 4:00 बजे तक |

वेबसाइटः https://portal.mcgm.gov.in
https://mahatenders.gov.in/nicgep/app
ई-मेलः eemechscity1.so@mcgm.gov.in

पीआरओ/3174/विज्ञा./2025-26

हस्ता/-
**(सतीश ए. शिंदे)**
कार्यकारी अभियंता (यांत्रिक) (सीव.) सिटी-1

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**

**समिति (H), विभागीय कार्यालय,
नवघर माणिकपूर एस. टी. डेपोजवळ,
वसई रोड (प), ता. वसई,
जि. पालघर - ४०१ २०२.**

**दूरध्वनी : ०२५० -२३३४२५८/२३३४३५४
Email :amch.vvmc@gov.com
जा.क्र. : व.वि.श.म./क.वि./एच/७९५४/२०२२५-२६
दिनांक :- ०२/०३/२०२६**

**जाहिर नोटीस**

महाराष्ट्र महानगरपालिका अधिनियम १९४९ चे कलम ४६९ ला अधिन राहुन या नोटीसीव्दारे वसई विरार शहर महानगरपालिका हद्दीतील सर्व नागरीकांना सुचित करण्यांत येते की, खालील नमुद मिळकत धारकांनी मालमत्ता हस्तांतरण कामी लेखी अर्ज तसेच कागदपत्रे सादर केली आहेत. उक्त फेरफार प्रकरणी कोणतीही हरकत/तक्रार असल्यास त्यांनी कार्यालयात जाहीर नोटीस प्रसिध्द झालेल्या तारखेपासून सात (७) दिवसाच्या आत लेखी हरकत/तक्रार कागदपत्रांसह नोंदवावी सदर हरकत/तक्रार न आल्यास कार्यालय पुढील मालमत्ता हस्तांतरणाची कार्यवाही करण्यांत येईल.

| अ. क्र. | विभाग | मालमत्ता क्र. | ज्याचे नावे मालमत्ता आहे त्याचे म्हणजेच विकणा-या किंवा करदात्याचे नाव | खरिददाराचे किंवा अभिहस्तांकन करदात्याचे नाव |
|---|---|---|---|---|
| १ | चुळणा | VN02/54403 | संजय जगदिशचंद्र भारती व इतर १ | महेश चंद्रकांत व्यास व मृणाल महेश व्यास |
| २. | नवघर ५/१ | VN12/30852 | उषा हितेश मजिठिया व इतर २ | अवधराज के चौरसिया व मालती अ चौरसिया |
| ३. | नवघर ५/१ | VN12/29896 | सचिन विजय चौहाण व इतर १ | शेख मोहम्मद मुश्ताक व इतर १ |
| ४. | नवघर १/१ | VN03/22535 | गुलाब लक्ष्मण काळे | सिध्दांत संजीव जैन |
| ५. | उमेळमान | VN01/53539 | बाळासाहेब दादासाहेब पाटील व इतर १ | सुजाता श्रीराम चव्हाण व श्रीराम सुभाष चव्हाण |
| ६. | चुळणा | VN02/41106 | जॉन मन्या घोसाळ | विजय मायकल रिबेलो |
| ७. | नवघर ४/३ | VN11/3504 | बँक ऑफ बरोडा | संजीव कुमार जैन |
| ८. | नवघर ४/३ | VN11/43680 | बँक ऑफ बरोडा | संजीव कुमार जैन |
| ९. | उमेळमान | VN01/56253 | रईस अहमद शब्बीर अंसारी व इतर १ | दानिश सलाहुद्दीन खान व साजिद खान |
| १०. | बहमपुर | VN14/39392 | मेनिनो फर्नांडिस | आयरीन मेनीनो फर्नांडिस |
| ११. | नवघर १/१ | VN03/22718 | शिल्पा राजन घाडगे | उर्मी रितेश बजाज |
| १२. | दिवाणमान ३ | VN24/6065 | ललिताशंकर भाईलोट | मनिषा चंद्रेश देसाई व चंद्रेश रमणिकलाल देसाई |
| १३. | नवघर १/३ | VN05/23741 | मारीया एल परेरा | संतोष कुमार राजचंद्र चौधरी व इतर १ |
| १४. | बहमपुर | VN14/56990 | कृष्णामुर्थी एस ई | कानाराम चुन्नीलाल चौधरी व संतोष कुमारी |
| १५. | दिवाणमान ५/२ | VN27/11396 | नारण देवशी नंदानिया | सुलताना साजिद पटेल |
| १६. | नवघर ५/१ | VN12/30338 | नीलम महंत सिंह | इस्माईल गफार पटेल व आस्मा इस्माईल पटेल |
| १७. | दिवाणमान ८ | VN31/19375 | समरजीतसिंघ जे संधू व इतर १ | कला सिंह प्रीतम सिंह आनंद |
| १८. | दिवाणमान ८ | VN31/19295 | वर्मा सुमिता राजेंद्र | नंदलाल कैलास पाल व संगीता नंदलाल पाल |
| १९. | माणिकपूर २/१ | VN19/35058 | लोरीयन व्ही अंचन | प्रतिक्षा उमेश गुरव व उमेश मंगेश गुरव |
| २०. | दिवाणमान ४ | VN25/56331 | नीता भरत चौहान व इतर १ | प्रीति आनंद आवारे व आनंद आबाराव आवारे |

सही/-
**(जोसेफ मिनेजीस)**
कर अधिक्षक
प्रभाग समिती "एच"
वसई विरार शहर महानगरपालिका

संपादकीय

# पश्चिम एशिया की राजनीति का नया मोड़

पश्चिम एशिया की राजनीति एक बार फिर बड़े परिवर्तन के दौर से गुजरती दिखाई दे रही है। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन की खबरों के बाद वहां नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा तेज हो गई है। माना जा रहा है कि उनके पुत्र मोजतबा खामेनेई को नया सर्वोच्च नेता बनाया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो यह केवल एक पद परिवर्तन नहीं होगा, बल्कि ईरान की राजनीतिक व्यवस्था और पूरे पश्चिम एशिया की रणनीतिक स्थिति पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ सकता है। ईरान की सत्ता व्यवस्था सामान्य लोकतांत्रिक ढांचे से अलग है। वहां सर्वोच्च नेता ही देश की वास्तविक शक्ति का केंद्र होता है। सेना, न्यायपालिका, विदेश नीति और कई महत्वपूर्ण संस्थाओं पर अंतिम प्रभाव उसी का होता है। अयातुल्ला अली खामेनेई ने लगभग तीन दशक से अधिक समय तक इस पद पर रहते हुए ईरान की राजनीति को एक निश्चित दिशा दी। उनके नेतृत्व में ईरान ने पश्चिमी देशों के दबाव के बावजूद अपनी स्वतंत्र विदेश नीति बनाए रखी और क्षेत्रीय राजनीति में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई। ऐसे में उनके निधन के बाद यह स्वाभाविक है कि ईरान के भीतर सत्ता संतुलन को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। यदि मोजतबा खामेनेई सर्वोच्च नेता बनते हैं तो यह ईरान की राजनीति में एक नई प्रवृत्ति को जन्म दे सकता है। 1979 की इस्लामी क्रांति ने ईरान में राजशाही की परंपरा को समाप्त किया था। इसलिए पिता के बाद पुत्र के सत्ता में आने की संभावना कई लोगों के लिए एक संवेदनशील विषय बन सकती है। यह सवाल उठ सकता है कि क्या ईरान की क्रांतिकारी व्यवस्था धीरे धीरे वंशानुगत सत्ता की ओर बढ़ रही है। हालांकि यह भी सच है कि ईरान की राजनीति केवल औपचारिक पदों से संचालित नहीं होती। वहां धार्मिक प्रतिष्ठान, राजनीतिक गुट और शक्तिशाली सैन्य संस्थाएं मिलकर सत्ता के समीकरण तय करती हैं। इसलिए नया नेतृत्व किस दिशा में देश को ले जाएगा, यह केवल व्यक्ति पर नहीं बल्कि इन संस्थाओं के संतुलन पर भी निर्भर करेगा। इस संभावित परिवर्तन का प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा। पश्चिम एशिया की राजनीति में ईरान एक महत्वपूर्ण शक्ति है। इराक, सीरिया, लेबनान और यमन जैसे कई क्षेत्रों में ईरान का प्रभाव माना जाता है। इसलिए वहां नेतृत्व परिवर्तन का असर पूरे क्षेत्र की रणनीतिक स्थिति पर पड़ना तय है। यदि नई नेतृत्व व्यवस्था पहले की नीतियों को ही आगे बढ़ाती है तो क्षेत्र में मौजूदा तनाव की स्थिति बनी रह सकती है। वहीं यदि नई सोच सामने आती है तो यह क्षेत्रीय संवाद और संतुलन के लिए एक अवसर भी बन सकता है। दूसरी ओर यह भी ध्यान देने योग्य है कि ईरान के भीतर समाज में लंबे समय से राजनीतिक और आर्थिक सुधारों की मांग उठती रही है। युवा पीढ़ी अधिक खुली और आधुनिक व्यवस्था की अपेक्षा रखती है। इसलिए नया नेतृत्व इन सामाजिक अपेक्षाओं को किस प्रकार संबोधित करता है, यह भी ईरान के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न होगा। वास्तव में किसी भी देश के इतिहास में नेतृत्व परिवर्तन केवल सत्ता का बदलाव नहीं होता, बल्कि वह उस राष्ट्र की दिशा और दृष्टि को भी प्रभावित करता है। ईरान के सामने भी आज ऐसा ही एक मोड़ दिखाई दे रहा है। आने वाले समय में यह स्पष्ट होगा कि यह परिवर्तन स्थिरता और संतुलन की राह खोलेगा या क्षेत्रीय राजनीति में नए तनाव पैदा करेगा। फिलहाल इतना तय है कि ईरान की सत्ता में यह संभावित बदलाव केवल एक देश का आंतरिक मामला नहीं है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे पश्चिम एशिया और वैश्विक राजनीति पर पड़ सकता है। इसलिए दुनिया की नजरें आज तेहरान की ओर लगी हुई हैं।

शख्सियत | रंगनाथ मिश्र

## न्याय, नैतिकता और सेवा का प्रतीक



**भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में रंगनाथ मिश्र का नाम सम्मान और ईमानदारी के साथ लिया जाता है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से यह सिद्ध किया कि न्याय केवल कानून की व्याख्या नहीं।**

बल्कि समाज के कमजोर और वंचित लोगों की रक्षा का माध्यम भी है। उनका जीवन संघर्ष, अनुशासन और सार्वजनिक सेवा की प्रेरक कथा प्रस्तुत करता है। रंगनाथ मिश्र का जन्म 5 मार्च 1926 को ओडिशा के पुरी जिले में हुआ था। बचपन से ही उनमें शिक्षा के प्रति गहरी रुचि थी। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ओडिशा में प्राप्त की और आगे चलकर कानून की पढ़ाई की। विधि के क्षेत्र में उनकी प्रतिभा जल्दी ही पहचानी जाने लगी। उन्होंने अपने पेशेवर जीवन की शुरुआत वकालत से की और अपनी स्पष्ट सोच, तार्किक क्षमता और ईमानदार व्यक्तित्व के कारण शीघ्र ही प्रतिष्ठा अर्जित की। उनकी योग्यता और परिश्रम के कारण उन्हें न्यायपालिका में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ मिलीं। वे क्रमशः उच्च न्यायालय के न्यायाधीश बने और बाद में उड़ीसा उच्च न्यायालय तथा दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के रूप में भी कार्य किया। उनके निर्णयों में न्याय के प्रति गहरी प्रतिबद्धता और मानवीय दृष्टिकोण दिखाई देता था। वे मानते थे कि न्याय केवल तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज में संतुलन और विश्वास बनाए रखने का आधार है। उनकी प्रतिष्ठा और अनुभव को देखते हुए उन्हें भारत का सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश नियुक्त किया गया। आगे चलकर वे 1990 में भारत के 21वें मुख्य न्यायाधीश बने। यह पद भारतीय न्यायपालिका का सर्वोच्च पद है और इस जिम्मेदारी को निभाते हुए उन्होंने न्याय प्रणाली की गरिमा को और मजबूत किया। उनके कार्यकाल में न्यायपालिका की स्वतंत्रता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया। न्यायपालिका में सेवा के बाद भी उनका सार्वजनिक जीवन समाप्त नहीं हुआ। उन्हें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का पहला अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। इस पद पर रहते हुए उन्होंने मानवाधिकारों की रक्षा और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर महत्वपूर्ण कार्य किया। उनका मानना था कि किसी भी लोकतंत्र की मजबूती इस बात पर निर्भर करती है कि वह अपने नागरिकों के अधिकारों की कितनी रक्षा करता है। बाद में वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के समर्थन से राज्यसभा के सदस्य भी बने और सार्वजनिक नीति से जुड़े विषयों पर अपनी समझ और अनुभव का योगदान दिया। उन्होंने सामाजिक समानता और न्याय की दिशा में कई विचार प्रस्तुत किए। रंगनाथ मिश्र का जीवन हमें यह सिखाता है कि ईमानदारी, परिश्रम और नैतिकता के बल पर व्यक्ति समाज में बड़ी भूमिका निभा सकता है। उन्होंने अपने पद को कभी व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का माध्यम नहीं बनाया, बल्कि उसे समाज की सेवा का साधन माना।

# स्वस्थ भारत के लिए पोषण का महत्व





डॉक्टर बबलू सोनकर
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मेजा
प्रयागराज

**राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के अनुसार लगभग 57 प्रतिशत महिलाएँ एनीमिया से प्रभावित हैं। यह स्थिति गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, क्योंकि इससे प्रसव के दौरान जटिलताओं और शिशुओं के कम वजन के साथ जन्म लेने की संभावना बढ़ जाती है।**

स्वास्थ्य केवल बीमारी का अभाव नहीं है, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की अवस्था है। एक चिकित्सक के रूप में मेरा अनुभव बताता है कि भारत में बड़ी संख्या में बीमारियों की जड़ कहीं न कहीं पोषण की कमी या असंतुलित आहार से जुड़ी होती है। यदि हम सच में स्वस्थ भारत का निर्माण करना चाहते हैं, तो हमें पोषण को राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाना होगा। क्योंकि स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव बनाता है। भारत में कुपोषण एक गंभीर समस्या के रूप में लंबे समय से मौजूद है। विश्व स्वास्थ्य संगठन और यूनिसेफ की रिपोर्टों के अनुसार दुनिया में कुपोषित बच्चों की बड़ी संख्या भारत में पाई जाती है।

भारत सरकार के राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार लगभग 35 प्रतिशत बच्चे अविकसित कद (स्टंटिंग) से प्रभावित हैं, जबकि लगभग 19 प्रतिशत बच्चों में अत्यधिक कमजोरी (वेस्टिंग) पाई जाती है। इसके अलावा लगभग 32 प्रतिशत बच्चों का वजन सामान्य से कम पाया गया है। ये आंकड़े केवल सांख्यिकीय तथ्य नहीं हैं, बल्कि यह संकेत हैं कि यदि समय रहते पोषण पर ध्यान नहीं दिया गया तो आने वाली पीढ़ियाँ भी स्वास्थ्य संकट से जूझती रहेंगी। एक डॉक्टर के रूप में मैं अक्सर देखता हूँ कि कई रोग ऐसे हैं जिन्हें सही पोषण से रोका जा सकता है। एनीमिया, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली, बच्चों में विकास की कमी और बुजुर्गों में कमजोरी जैसे अनेक स्वास्थ्य संकट सीधे भोजन की गुणवत्ता से जुड़े होते हैं। भारत में महिलाओं और किशोरियों में खून की कमी की समस्या भी चिंताजनक है।

राष्ट्रीय सर्वेक्षणों के अनुसार लगभग 57 प्रतिशत महिलाएँ एनीमिया से प्रभावित हैं। यह स्थिति गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है, क्योंकि इससे प्रसव के दौरान जटिलताओं और शिशुओं के कम वजन के साथ जन्म लेने की संभावना बढ़ जाती है। पोषण का महत्व केवल शारीरिक विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानसिक विकास और कार्यक्षमता से भी गहराई से जुड़ा हुआ है। जिन बच्चों को संतुलित और पौष्टिक आहार मिलता है, उनकी सीखने की क्षमता, स्मरण शक्ति और एकाग्रता अधिक बेहतर होती है। इसके विपरीत कुपोषण से पीड़ित बच्चों का बौद्धिक विकास प्रभावित हो सकता है। इसलिए पोषण केवल स्वास्थ्य का विषय नहीं, बल्कि शिक्षा, उत्पादकता और राष्ट्र निर्माण से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है। एक स्वस्थ और पोषित पीढ़ी ही भविष्य में देश के विकास को गति दे सकती है। भारत सरकार ने पोषण सुधार के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यक्रम शुरू किए हैं।

पोषण अभियान का उद्देश्य बच्चों, किशोरियों और माताओं में पोषण स्तर को बेहतर बनाना है। इसी प्रकार विद्यालयों में मध्याह्न भोजन योजना के माध्यम से बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना ने बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के साथ-साथ विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से भी माताओं और बच्चों के स्वास्थ्य तथा पोषण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। हालाँकि केवल सरकारी योजनाएँ ही पर्याप्त नहीं हैं। पोषण के प्रति समाज में व्यापक जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है।

अक्सर लोग भोजन की मात्रा को अधिक महत्व देते हैं, लेकिन भोजन की गुणवत्ता पर पर्याप्त ध्यान नहीं देते। संतुलित आहार में अनाज, दालें, हरी सब्जियाँ, फल, दूध, अंडा या अन्य प्रोटीन स्रोतों का समुचित समावेश होना चाहिए। इसके साथ-साथ विटामिन और खनिज तत्वों से भरपूर भोजन भी आवश्यक है। ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध स्थानीय और पारंपरिक खाद्य पदार्थ—जैसे बाजरा, ज्वार, रागी, दालें और हरी पत्तेदार सब्जियाँ—बहुत पौष्टिक होते हैं, लेकिन आधुनिक जीवनशैली के प्रभाव में इनका उपयोग धीरे-धीरे कम होता जा रहा है। आज के समय में एक नई चुनौती भी सामने आई है। एक ओर कुपोषण की समस्या है, तो दूसरी ओर मोटापा और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। अत्यधिक प्रसंस्कृत भोजन, जंक फूड, तले-भुने खाद्य पदार्थ और मीठे पेय पदार्थों का अधिक सेवन मधुमेह, हृदय रोग और उच्च रक्तचाप जैसी बीमारियों को बढ़ावा दे रहा है। इसलिए पोषण का अर्थ केवल अधिक भोजन करना नहीं, बल्कि संतुलित, प्राकृतिक और पौष्टिक भोजन ग्रहण करना है।

हमारी गीता

# अर्जुन का संताप और गाण्डीव का मोह



स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

कुरुक्षेत्र के मैदान में अपने ही सगे-संबंधियों को शत्रु के रूप में सामने देखकर अर्जुन का अडिग मनोबल अचानक टूट गया। मानसशास्त्र के अनुसार, अर्जुन की यह स्थिति Anxiety-state Neurosis (तीव्र चिंता व्याधि) का सटीक उदाहरण है, जहाँ मोह और भय के कारण मन पूरी तरह भ्रमित हो जाता है। जब व्यक्ति ऐसी परिस्थिति में फँसता है जिसे स्वीकार करना उसके बस के बाहर हो, तो उसका धैर्य समाप्त होने लगता है और वह अंधविश्वास व अपशकुनों के जाल में उलझकर अपने कर्तव्य से विमुख होने का तर्क देने लगता है। आयुर्वेद के दृष्टिकोण से अर्जुन की यह अवस्था मानसिक ज्वर के समान है। जैसे परीक्षा के भय से विद्यार्थियों को वास्तविक बुखार आ जाता है, वैसे ही युद्ध के दुःखद परिणामों की कल्पना मात्र से अर्जुन का शरीर प्रतिक्रिया देने लगा। उनके अंग ढीले पड़ रहे थे (गलितगात्र), मुख सूख रहा था और शरीर में कंपन हो रहा था। यह कोई शारीरिक श्रम की थकान नहीं, बल्कि अत्यधिक शोक और मानसिक तनाव से उत्पन्न आंतरिक संताप था, जिसने उनके पूरे व्यक्तित्व पर अधिकार कर लिया था। अर्जुन की इस उलझन का सबसे गहरा प्रभाव उनकी कार्यक्षमता पर पड़ा। उनके हाथ से गांडीव धनुष का गिरना केवल शारीरिक दुर्बलता नहीं,



बल्कि आत्मविश्वास के पूर्ण अभाव का प्रतीक है। जब बुद्धि भ्रमित होती है, तो व्यक्ति 'क्या करना चाहिए' और 'क्या नहीं' के बीच का अंतर भूल जाता है। अर्जुन को लगने लगा कि अपनों को मारकर कोई कल्याण नहीं होगा, जो वास्तव में उनके क्षत्रिय धर्म से भटकाव था। यह स्थिति दर्शाती है कि जब भावनाएं बुद्धि पर हावी होती हैं, तो व्यक्ति मूर्छा जैसी जड़ अवस्था में पहुँच जाता है।

जीवन ऊर्जा

रोज़ा लक्ज़मबर्ग: जन्म - 5 मार्च, 1871 | जन्म

# साहस ही क्रांतिकारी का गुण है

**मार्क्सवादी विचारक रोज़ा लक्ज़मबर्ग का जन्म 5 मार्च, 1871 को पोलैंड के ज़ामोस में हुआ था। उन्होंने 'स्पार्टाकस लीग' की स्थापना कर युद्ध और सैन्यवाद का कड़ा विरोध किया। उनका मुख्य योगदान 'मानवीय समाजवाद' का सिद्धांत था, जिसमें उन्होंने लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को अनिवार्य बताया। 1919 में बर्लिन विद्रोह के दौरान उनकी हत्या कर दी गई।**



स्वतंत्रता हमेशा दूसरों के लिए भी स्वतंत्रता है। बिना लोकतंत्र के समाजवाद संभव नहीं है। जो हिलते नहीं, उन्हें अपनी जंजीरों का एहसास नहीं होता। क्रांति का अर्थ है मानवता का पूर्ण जागरण। पूंजीवाद का अंत अनिवार्य है। युद्ध मानवता के खिलाफ अपराध है। सर्वहारा वर्ग की शक्ति एकता में है। बोलने की आजादी केवल समर्थकों के लिए नहीं होती। इतिहास का पहिया कभी पीछे नहीं मुड़ता। वर्ग संघर्ष ही विकास की धुरी है। साम्राज्यवाद शोषण का उच्चतम रूप है। महिलाएं क्रांति की रीढ़ हैं। शिक्षा ही मुक्ति का मार्ग है। संगठन के बिना शक्ति अधूरी है। शांति के लिए संघर्ष आवश्यक है। व्यवस्था को बदलना ही एकमात्र विकल्प है। साहस ही क्रांतिकारी का गुण है। सत्य हमेशा क्रांतिकारी होता है। आम जनता ही इतिहास की निर्माता है। अन्याय के खिलाफ चुप रहना अपराध है। सुधारवाद केवल एक भ्रम है। सैन्यीकरण समाज को खोखला करता है। वैश्विक भाईचारा ही भविष्य है। दमन से विचार नहीं मरते। आत्मनिर्णय का अधिकार सर्वोपरि है। पूंजीवादी लाभ के लिए युद्ध थोपे जाते हैं। सामाजिक न्याय ही वास्तविक लोकतंत्र है। भूख और गरीबी व्यवस्था की विफलता है। अधिकारों के लिए लड़ना ही जीवन है। चेतना ही बदलाव की कुंजी है। अंतरराष्ट्रीय एकजुटता जरूरी है। भविष्य समाजवाद का है। हर हार जीत की सीढ़ी है। कट्टरवाद प्रगति का शत्रु है। मेरा स्थान वहां है जहां अन्याय है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश



# बच्चों को धन नहीं, दिशा दीजिए

भारत के दक्षिण भारत की संत परंपरा में तिरुवल्लुवर का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे केवल कवि या दार्शनिक ही नहीं थे, बल्कि समाज को सही जीवन-मार्ग दिखाने वाले महान संत थे। उनकी वाणी में इतनी सरलता और गहराई थी कि सामान्य व्यक्ति भी उसे समझकर अपने जीवन को सुधार सकता था। लोग दूर दूर से उनके प्रवचन सुनने आते और अपनी समस्याओं का समाधान पाते थे। कहा जाता है कि एक बार तिरुवल्लुवर एक नगर में पहुंचे। उनके प्रवचन को सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। प्रवचन समाप्त होने के बाद एक धनी सेठ अत्यंत उदास मन से उनके पास आया। उसने हाथ जोड़कर कहा, “गुरुवर, मैंने जीवन भर कठिन परिश्रम करके पाई पाई जोड़कर अपने इकलौते पुत्र के लिए बहुत धन संपत्ति एकत्र की है। परन्तु मेरा पुत्र उस धन को बुरे व्यसनों में लुटा रहा है।

मुझे समझ नहीं आता कि भगवान मेरे साथ ऐसा अन्याय क्यों कर रहा है।” तिरुवल्लुवर ने शांत स्वर में उससे पूछा, “सेठ जी, तुम्हारे पिता ने तुम्हारे लिए कितनी संपत्ति छोड़ी थी?” सेठ ने उत्तर दिया, “मेरे पिता बहुत गरीब थे। उन्होंने मेरे लिए कुछ भी नहीं छोड़ा। जो कुछ है, वह मैंने अपने परिश्रम से कमाया है।” संत ने मुस्कराकर कहा, “देखो, तुम्हारे पिता ने तुम्हारे लिए कुछ भी नहीं छोड़ा, फिर भी तुम अपने परिश्रम से धनवान बन गए। लेकिन तुमने अपने पुत्र के लिए इतना धन इकट्ठा किया है और फिर भी तुम्हें डर है कि वह तुम्हारे बाद गरीब हो जाएगा। क्या तुम्हें नहीं लगता कि समस्या धन की नहीं, बल्कि कुछ और है?” सेठ की आंखों में आंसू आ गए। उसने विनम्रता से कहा, “गुरुवर, आप ठीक कह रहे हैं। परन्तु मुझसे गलती कहां हुई?” तिरुवल्लुवर ने गंभीर स्वर में कहा, “तुम जीवन भर धन कमाने में लगे रहे और यह समझते रहे कि अपने बेटे के लिए धन का अम्बार लगा देना ही पिता का सबसे बड़ा कर्तव्य है। इसी दौड़ में तुमने यह नहीं सोचा कि बच्चे को धन से अधिक संस्कारों की आवश्यकता होती है।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

यदि बच्चे को सही शिक्षा, अनुशासन और संस्कार मिलते हैं, तो वह अपने परिश्रम से सब कुछ प्राप्त कर सकता है। लेकिन यदि उसे केवल धन मिल जाए और संस्कार न मिलें, तो वह उस धन को भी नष्ट कर देता है।” संत ने आगे कहा, “माता पिता का पहला कर्तव्य यह नहीं है कि वे अपने बच्चों के लिए बहुत धन छोड़ जाएं। उनका पहला कर्तव्य यह है कि वे अपने बच्चों को इतना योग्य और संस्कारी बना दें कि वे जीवन की पहली पंक्ति में बैठने योग्य बन सकें। जब मनुष्य योग्य बनता है, तो सफलता उसके पीछे स्वयं चलकर आती है।” संत की यह बात सुनकर सेठ की आंखें खुल गईं।

उसे समझ में आ गया कि उसने जीवन भर धन कमाने में इतना समय लगाया कि अपने पुत्र के चरित्र और संस्कारों के निर्माण पर ध्यान ही नहीं दिया। उसने उसी समय निश्चय किया कि अब वह अपने पुत्र को सही मार्ग पर लाने और उसे अच्छे संस्कार देने का प्रयास करेगा। वास्तव में बच्चों का भविष्य केवल धन से सुरक्षित नहीं होता। बच्चों को यदि उनके मनपसंद खिलौने न मिलें तो वे कुछ देर रो सकते हैं, लेकिन यदि उन्हें अच्छे संस्कार न मिलें तो वे जीवन भर भटकते रहते हैं। संस्कार ही वह शक्ति हैं जो मनुष्य को सही और गलत का अंतर समझाते हैं। इसलिए माता पिता का कर्तव्य है कि वे बच्चों को केवल सुख सुविधाएं ही न दें, बल्कि उन्हें ईमानदारी, परिश्रम, अनुशासन और सदाचार के संस्कार भी दें। अच्छे संस्कार ही अच्छे चरित्र और उज्ज्वल भविष्य की नींव बनते हैं। जब घर में संस्कारों की ज्योति जलती है, तभी एक अच्छा परिवार, अच्छा समाज और अच्छा जीवन बनता है।

## अपने विचार

पूरी दुनिया में अशांति और अराजकता का वातावरण है लेकिन भारत अपने यशस्वी नेतृत्व में इस पर्व का आनंद ले रहा है। कहीं कोई भय, अराजकता या अविश्वास नहीं है। एक ही भाव है- सत्यमेव जयते का। नृसिंह हों या राम-कृष्ण, ये हमेशा हमारे अगल-बगल, पूरी व्यवस्था में मौजूद रहते हैं।



योगी आदित्यनाथ
सीएम, उत्तर प्रदेश

'हम राहुल गांधी के सिपाही हैं. किसी भी तरह के दबाव या दमन से हम पीछे हटने वाले नहीं है। भारत विरोधी इंडिया-यूएस अंतरिम ट्रेड डील के खिलाफ युवा कांग्रेस की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी। इस व्यापार समझौते से देश के किसानों और आम नागरिकों के हितों को नुकसान पहुंचेगा और युवा कांग्रेस इसका पुरजोर विरोध करती रहेगी।



उदय भानु चिब
युवा कांग्रेस अध्यक्ष

ये हैं VSR कंपनी के मालिक रोहित सिंह... आज लगता है कि ये राज्य के सभी बड़े नेताओं से बड़े हो गए हैं और इनकी शादी में केंद्र सरकार के मंत्री और राज्य सरकार के बड़े नेता शामिल हुए थे..इसीलिए सब इन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं. ये मेरे भाई जय पवार का शेयर किया हुआ वीडियो है।



पी. वी. सिंधु
बैडमिंटन स्टार

अस्पताल का गार्ड परिजनों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटता है। पीएमसीएच में इतनी बड़ी घटना हो गई, यहां क्या चल रहा है इसकी जानकारी आपको है? किसी का सिर फूटा हुआ है, चेहरा जख्मी है, किसी का हाथ टूटा हुआ है। वहां 112 वाला था पर कोई कार्रवाई नहीं की। आरोपियों ने इनका मोबाइल भी छीन लिया है।



संजय सिंह
मंत्री, बिहार

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिेदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### सेंट्रल हॉस्पिटल में ही मिलेगा जन्म प्रमाणपत्र



**उल्हासनगर।** उल्हासनगर सेंट्रल हॉस्पिटल में जन्म लेने वाले बच्चों का जन्म प्रमाणपत्र अब सीधे अस्पताल परिसर में ही दिया जाएगा। सिविल सर्जन मनोहर बनसोडे के इस फैसले से माता-पिता को जन्मदाखला बनवाने के लिए बार-बार उल्हासनगर महानगरपालिका मुख्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। पहले कागजात पूरे करने, लंबी कतारों में खड़े रहने और समय की बर्बादी के कारण लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ती थी। इस निर्णय से नई माताओं और उनके परिवारों को बड़ी सुविधा मिलेगी, साथ ही प्रशासनिक कामकाज भी सुचारु होगा। उल्हासनगर के नागरिकों ने अस्पताल प्रशासन के इस कदम का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला महिलाओं और नवजात शिशुओं की सुविधा की दिशा में एक सराहनीय पहल है, जिससे आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा।

### होली पर पुरानी रंजिश से हिंसा सोसायटी सचिव पर हमला

**टिटवाला।** टिटवाला में होली के दिन पुरानी रंजिश को लेकर नेप्च्यून स्वराज सोसायटी के सेक्रेटरी और उनके परिवार पर हमला किए जाने की गंभीर घटना सामने आई है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस मामले में टिटवाला पुलिस थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मिली जानकारी के अनुसार, कुछ महीने पहले सोसायटी के सेक्रेटरी सुरेश उपाध्याय ने कुछ युवकों को शराब पीकर सोसायटी परिसर में न आने की समझाइश दी थी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ था। आरोप है कि उस समय संकेत जाधव ने सुरेश उपाध्याय की कार का शीशा भी तोड़ दिया था, लेकिन माफी मांगने पर पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी। बताया जा रहा है कि होली के दिन पुराने विवाद का बदला लेने के लिए संकेत जाधव, सुशांत जाधव और राहुल पाटील ने सुरेश उपाध्याय के बेटे अमन को बुलाकर उसके साथ मारपीट की। अमन किसी तरह जान बचाकर घर की ओर भागा, लेकिन आरोपी उसका पीछा करते हुए वहां तक पहुंच गए। हमले के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे सुरेश उपाध्याय और पड़ोसी शशिकांत गुप्ता के साथ भी मारपीट की गई। इस हमले में शशिकांत गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनके सिर पर छह टांके लगाए गए हैं।

# लाल परी के ठिकानों का होगा कायाकल्प

### 271 डिपो बनेंगे हाई-टेक पीपीपी मॉडल से बदलेगी महाराष्ट्र एसटी की तस्वीर

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एसटी) की सूरत बदलने के लिए सरकार ने एक मास्टर प्लान तैयार किया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने विधान परिषद में घोषणा की है कि राज्य के 271 बस डिपो का कायाकल्प सार्वजनिक-निजी भागीदारी (PPP) के माध्यम से किया जाएगा। इस योजना का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं देना और एसटी की आय में भारी बढ़ोतरी करना है।



#### 'पैकेज' सिस्टम से होगा संतुलित विकास

सरकार ने डिपो के विकास के लिए एक अनोखी तरकीब निकाली है। इसमें तीन डिपो का एक 'पैकेज' बनाया जाएगा, जिसमें दो ग्रामीण या तालुका स्तर के डिपो के साथ एक अच्छी कमाई वाला (शहरी) डिपो शामिल होगा। इससे फायदा यह होगा कि केवल शहरों के ही नहीं, बल्कि ग्रामीण इलाकों के बस स्टैंड भी प्राइवेट कंपनियों की मदद से आधुनिक बन सकेंगे।

#### शौचालय अब बिल्कुल मुफ्त और चकाचक

बस स्टैंडों पर गंदगी और शौचालयों के लिए वसूले जाने वाले पैसों की शिकायतों को खत्म करने के लिए सरकार ने बड़ा फैसला लिया है। अब एक स्वतंत्र ठेकेदार नियुक्त किया जाएगा जो शौचालयों को मुफ्त और साफ रखेगा। यह योजना अगले दो महीने में पूरे राज्य में लागू हो जाएगी और यात्रियों से एक रुपया भी नहीं लिया जाएगा। ड्राइवर और कंडक्टरों की थकान मिटाने के लिए मुंबई सेंट्रल और ठाणे के खोपट डिपो में पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर आधुनिक रेस्ट हाउस बनाए गए हैं। इनमें एयर कंडीशनिंग (AC), आरामदायक बंक बेड, शुद्ध ठंडा पानी और नहाने के लिए गर्म पानी जैसी सुविधाएं दी गई हैं। सफल होने पर इसे राज्यभर में लागू किया जाएगा।

#### विज्ञापन से आय में 10 गुना से ज्यादा उछाल

मंत्री सरनाईक ने बताया कि पहले विज्ञापनों और अन्य जरियों से साल में केवल 22 करोड़ आते थे। लेकिन नई टेंडर प्रक्रिया के बाद, अगले 5 सालों में एसटी को करीब 250 करोड़ की कमाई होने की उम्मीद है। यह अतिरिक्त पैसा एसटी को घाटे से उबारने और नई बसें खरीदने में काम आएगा।

# किसानों के लिए 'हरा सोना' बनेगा बांस

### 7 लाख रुपये तक की सरकारी मदद और मुफ्त पौधे

**मुंबई।** महाराष्ट्र में प्लास्टिक प्रदूषण को कम करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को रफ्तार देने के लिए राज्य सरकार ने 'बांस क्रांति' का आगाज किया है। वन मंत्री गणेश नाइक ने विधानसभा में घोषणा की है कि सरकार न केवल बांस की खेती को बढ़ावा देगी, बल्कि इससे बने प्रोडक्ट्स को बड़े-बड़े मॉल्स में जगह दिलाकर आदिवासियों और किसानों के लिए नया मार्केट तैयार करेगी।

विधानसभा में इस विषय पर चर्चा के दौरान बताया गया कि किसानों और आदिवासी समुदाय को बांस की खेती के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्हें तीन वर्षों तक मुफ्त बांस के पौधे और आर्थिक सहायता दी जा रही है। रोज़गार गारंटी योजना के तहत प्रति हेक्टेयर लगभग सात लाख रुपये की मदद दी जाएगी। प्रति हेक्टेयर 500 पौधे और गैप फिलिंग के लिए 100 अतिरिक्त पौधे दिए जाएंगे। टिशू कल्चर के उच्च गुणवत्ता वाले पौधों पर विशेष जोर दिया गया है।

#### बुरुड समुदाय और युवाओं के लिए विशेष योजना



सरकार ने बंजर और जंगल क्षेत्रों में बांस की खेती बढ़ाने की अपील की है। बुरुड समुदाय को गुणवत्तापूर्ण कच्चा माल उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी तय की गई है और लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, बुरुड समुदाय के युवाओं को उनकी पारंपरिक कला के लिए तकनीकी प्रशिक्षण और बाजार उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। राज्य के करीब 12 हजार गांवों में जॉइंट फॉरेस्ट मैनेजमेंट योजना लागू है, जिसके तहत जंगल उत्पादों की बिक्री से होने वाली आय का 50 प्रतिशत हिस्सा गांवों के विकास में लगाया जाता है।

# खेल पत्रकारों के सम्मान में 'ऑनर्स बोर्ड' का अनावरण

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम के भीतर स्थित बालासाहेब ठाकरे प्रेस बॉक्स में मुंबई के खेल पत्रकारों के सम्मान में विशेष 'ऑनर्स बोर्ड' का अनावरण किया। इस पहल का उद्देश्य उन पत्रकारों को सम्मान देना है जिन्होंने वर्षों तक मुंबई की क्रिकेट विरासत को दर्ज किया और उसे जनमानस तक पहुँचाया।

एमसीए की यह पहल शहर के खेल पत्रकारों के योगदान को औपचारिक मान्यता देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। दशकों से क्रिकेट को कवर करने वाले पत्रकारों ने न सिर्फ मैचों की रिपोर्टिंग की, बल्कि मुंबई क्रिकेट के उतार-चढ़ाव, उपलब्धियों और विरासत को इतिहास के रूप में संरक्षित भी किया है। 'ऑनर्स बोर्ड' इसी समर्पण का प्रतीक है।



#### समारोह में दिग्गजों की मौजूदगी

इस अवसर पर क्रिकेट और मीडिया जगत से जुड़े कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम में एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक, सचिव उन्मेष खानविलकर, संयुक्त सचिव निलेश भोसले और एपेक्स काउंसिल के सदस्य शामिल हुए। सभी ने इस पहल को पत्रकारों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करने वाला कदम बताया।

एमसीए अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने कहा कि मुंबई की क्रिकेट परंपरा को गढ़ने में खिलाड़ियों के साथ-साथ पत्रकारों का भी अहम योगदान रहा है। सचिव उन्मेष खानविलकर ने भी पत्रकारों की निरंतर कवरेज को क्रिकेट इतिहास को संजोने वाला कार्य बताया।

# 862 स्पेशल ट्रेनों में 24 लाख यात्रियों ने किया सफर

**मुंबई।** मध्य रेल ने नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त 862 होली स्पेशल ट्रेनें संचालित कर यात्रियों को अपने परिजनों के साथ त्योहार मनाने की सुविधा दी। इन ट्रेनों में एसी स्पेशल, अनारक्षित स्पेशल तथा एसी, स्लीपर और सामान्य श्रेणी के मिश्रित कोच शामिल रहे, जिन्हें देश के प्रमुख गंतव्यों के लिए चलाया गया।

इनमें से 670 होली स्पेशल ट्रेनें 105.06 प्रतिशत यात्री क्षमता के साथ चलाई गईं। मध्य रेल ने महाराष्ट्र के भीतर 409, उत्तर प्रदेश के लिए 142, बिहार के लिए 82 और गोवा के लिए 21 होली स्पेशल ट्रेनें संचालित कीं, ताकि त्योहार के दौरान बढ़ी हुई यात्रा मांग को पूरा किया जा सके।



#### चार दिनों में 24.18 लाख यात्रियों की यात्रा

होली से पहले पिछले चार दिनों (27 फरवरी से 2 मार्च 2026) में मध्य रेल ने नियमित और विशेष ट्रेनों के माध्यम से कुल 24.18 लाख यात्रियों को यात्रा कराई। इनमें से लगभग 7 लाख यात्री मुंबई से रवाना हुए। विशेष ट्रेनों की योजना देश के प्रमुख गंतव्यों को जोड़ने के उद्देश्य से तैयार की गई थी।

#### मांग के अनुसार ट्रेनों की संख्या में वृद्धि

अतिरिक्त ट्रेनों का संचालन निरंतर प्रक्रिया के तहत किया गया। मीडिया रिपोर्ट, सोशल मीडिया, रेलवे हेल्पलाइन 139 और पीआरएस सिस्टम में वेटिंग लिस्ट के आंकड़ों के आधार पर यात्रियों की मांग का आकलन कर ट्रेनों और उनके फेरों की संख्या बढ़ाई गई।

#### स्टेशनों पर व्यापक सुविधाएं और सुरक्षा व्यवस्था

त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस और लोकमान्य तिलक टर्मिनस सहित प्रमुख स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया, पेयजल, शौचालय, चार्जिंग पॉइंट, फूड स्टॉल और सूचना प्रणाली की व्यवस्था की गई। भीड़ प्रबंधन के लिए आरपीएफ और वाणिज्यिक स्टाफ की तैनाती की गई, साथ ही एआई और वॉर रूम की मदद से टिकट उपलब्धता और यात्रियों के रुझानों की रियल-टाइम निगरानी की गई। मध्य रेल ने यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और सुगम यात्रा उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई है।

# 8 मार्च से ठाणे जिले में जल महोत्सव

## हर एक को मिलेगा 55 लीटर पानी

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

जिले में ग्रामीण जल आपूर्ति व्यवस्था को अधिक टिकाऊ, प्रभावी और जनभागीदारी पर आधारित बनाने के उद्देश्य से 8 से 22 मार्च तक 'जल महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जल प्रबंधन को मजबूत करने और हर व्यक्ति को प्रतिदिन 55 लीटर शुद्ध पानी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नदी महोत्सव' की तर्ज पर 'जल उत्सव' मनाने की परंपरा विकसित करने पर बल दिया था। इसी क्रम में राष्ट्रीय पेयजल विभाग, केंद्र सरकार और नीति आयोग के सहयोग से वर्ष 2024 में देश के 20 आकांक्षी जिलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में यह महोत्सव शुरू किया गया था। सकारात्मक परिणाम मिलने के बाद इस वर्ष इसे पूरे देश में लागू किया गया है।



#### हर व्यक्ति को 55 लीटर पानी देने का लक्ष्य

जल जीवन मिशन योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन कम से कम 55 लीटर गुणवत्तापूर्ण पानी उपलब्ध कराना है। राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम के तहत पुरानी जल आपूर्ति योजनाओं को अपग्रेड कर उनकी क्षमता 55 लीटर प्रति व्यक्ति प्रतिदिन तक बढ़ाई जा रही है।

#### गांव स्तर पर जनभागीदारी से आयोजन

'जल महोत्सव' का आयोजन राष्ट्रीय, राज्य और गांव — तीन स्तरों पर किया जाएगा। गांव और पंचायत समिति स्तर पर इसे 'लोक जल उत्सव' के रूप में मनाया जाएगा, जिसमें पूरी तरह से जनता की भागीदारी रहेगी। इसमें जल स्रोतों की सुरक्षा, जल आपूर्ति का व्यवस्थित प्रबंधन, पानी की गुणवत्ता पर महिलाओं की भागीदारी, जैसे कार्यक्रम शामिल होंगे।

### ठाणे मनपा का लोकशाही दिवस 6 अप्रैल को

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका का अगला लोकशाही दिवस सोमवार, 6 अप्रैल 2026 को आयोजित किया जाएगा। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपनी शिकायतें और आवेदन पत्र दो प्रतियों में 23 मार्च तक मनपा मुख्यालय स्थित सुविधा केंद्र में जमा करें। लोकशाही दिवस से 15 दिन पहले आवेदन करना अनिवार्य है। प्रत्येक पिटीशन के साथ फॉर्म-1 (B) संलग्न करना होगा, जो अर्बन सुविधा केंद्र पर उपलब्ध है।

# अब डोंबिवली से ठाणे का सफर सिर्फ 20 रुपये में

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष रविंद्र चव्हाण के हाथों नई बस सेवा का उद्घाटन

**डोंबिवली।** कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका ने डोंबिवलीवासियों को ट्रैफिक जाम और लोकल ट्रेन की भीड़ से राहत देने के लिए डोंबिवली से ठाणे तक नई बस सेवा शुरू की है। मार्ग क्रमांक 82 के तहत शुरू हुई यह सेवा यात्रियों के लिए एक सस्ता और सुविधाजनक विकल्प साबित होगी। यह बस सेवा डोंबिवली मोठागांव स्वामीनारायण सिटी से चलकर ठाणे के माजिवाड़ा तक जाएगी। सुबह 7 बजे से रात 7 बजे तक हर घंटे एक बस फेरी संचालित की जाएगी। सबसे खास बात यह है कि पूरे सफर का किराया मात्र 20 रुपये रखा गया है, जिससे यात्रियों को बड़ी आर्थिक राहत मिलेगी।

#### मेट्रो व अन्य परिवहन से सीधी कनेक्टिविटी



माजिवाड़ा में बस का ठहराव होगा, जहां से यात्रियों को मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन सेवाओं से सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। इससे बोरीवली, नवी मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में जाने वाले यात्रियों को लाभ होगा। पहले माजिवाड़ा से ठाणे स्टेशन तक पहुंचने में करीब 30 रुपये खर्च होते थे, लेकिन अब डोंबिवली से सीधे माजिवाड़ा तक 20 रुपये में यात्रा संभव हो सकेगी।




# 12 राशिफल में देखें अपना दिन

**मेष** व्यवसाय ठीक चलेगा। पुराने मित्र व संबंधियों से मुलाकात होगी। व्यय होगा। प्रसन्नता रहेगी। व्यापार में नए अनुबंध लाभकारी रहेंगे। परिश्रम का अनुकूल फल मिलेगा। परिजनों के स्वास्थ्य और सुविधाओं की ओर ध्यान दें।

**वृष** विवाद से क्लेश होगा। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग परेशान कर सकता है। जोखिम न लें। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता प्राप्ति के योग हैं। सावधानी व सतर्कता से व्यापारिक अनुबंध करें। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**मिथुन** बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। जोखिम न उठाएं। आज का दिन आपके लिए शुभ रहने की संभावना है। स्थायी संपत्ति में वृद्धि होगी। रोजगार के अवसर मिलेंगे। परिवार में खुशी का माहौल रहेगा।

**कर्क** मेहनत का फल मिलेगा। योजना फलीभूत होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रतिष्ठा बढ़ेगी। कर्ज से दूर रहना चाहिए। खर्च में कमी होगी। कानूनी विवादों का निपटारा आपके पक्ष में होने की संभावना है। प्रतिष्ठितजनों से मेल-जोल बढ़ेगा। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**सिंह** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल रहेंगे। रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ संभव है। जोखिम न लें। धर्म के कार्यों में रुचि आपके मनोबल को ऊंचा करेगी। मिलनसारिता व धैर्यवान प्रवृत्ति जीवन में आनंद का संचार करेगी। कई दिनों से रुका पैसा मिल सकेगा।

**कन्या** चोट व रोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। क्रय-विक्रय के कार्यों में लाभ होगा। योजनाएं बनेंगी। उच्च और बौद्धिक वर्ग में विशेष सम्मान प्राप्त होगा। भाइयों से अनबन हो सकती है।

**तुला** कुसंगति से हानि होगी। वाहन मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। वाणी परो नियंत्रण रखें, जोखिम न लें। परेशानियों का मुकाबला करके भी लक्ष्य को हासिल कर पाएंगे। व्यापारिक लाभ होगा। संतान के प्रति झुकाव बढ़ेगा। शिक्षा व ज्ञान में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** राजकीय सहयोग प्राप्त होगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। जायदाद संबंधी समस्या सुलझने के आसार बनेंगे। अनुकूल समाचार मिलेंगे तथा दिन आनंदपूर्वक व्यतीत होगा। नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु** किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। बौद्धिक कार्य सफल रहेंगे। लाभ होगा। धन संचय की बात बनेगी। परिवार के कार्यों पर ध्यान देना जरूरी है। रुका कार्य होने से प्रसन्नाता होगी। आर्थिक सलाह उपयोगी रहेगी। कर्ज की चिंता कम होगी।

**मकर** अति व्यस्तता रहेगी। बुरी खबर मिल सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। थकान रहेगी। व्यापार-व्यवसाय संतोषप्रद रहेगा। आपसी संबंधों को महत्व दें। अल्प परिश्रम से ही लाभ होने की संभावना है। खर्चों में कमी करने का प्रयास करें।

**कुंभ** संपत्ति के कार्य लाभ देंगे। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। प्रमाद न करें। धैर्य एवं शांति से वाद-विवादों से निपट सकेंगे। दुस्साहस न करें। नए विचार, योजना पर चर्चा होगी। स्वयं की प्रतिष्ठा व सम्मान के अनुरूप कार्य हो सकेंगे।

**मीन** प्रसन्नता रहेगी। संतान की शिक्षा की चिंता समाप्त होगी। व्यापार-व्यवसाय लाभप्रद रहेगा। महत्व के कार्य को समय पर करें। व्यावसायिक श्रेष्ठता का लाभ मिलेगा। मेहनत का फल कम मिलेगा। कार्य की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

# नक्षत्र कमजोर हो तो क्या करें? सरल मंत्र उपाय

यदि नक्षत्र निर्बल हो जाये तो यह अपने ही परिवार के लोगों को बैरी बनाने लगता है। मित्र शत्रु बनने लगते हैं आपकी कुंडली से जुड़े इस जन्म नक्षत्र को बलिष्ठ करने के लिए एक बहुत ही सरल और अचूक उपाय है। वह अचूक उपाय है




प्रियंका जैन
9769994439



**भरणी नक्षत्र** -इस नक्षत्र के जातकों को चन्द्रमा के गोचर काल में ₹ॐ ह्रीं₹ मंत्र का जाप एक माला अर्थात 108 बार करना चाहिए। यह मंत्र सभी विपत्ति व् बाधाओं को दूर करता है।

**कृतिका व उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र** -इस नक्षत्र के जातकों के लिए चन्द्रमा का गोचर काल में गायत्री मंत्र ₹ॐ भूर्भुवः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं भर्गो देवस्य धीमहि धियो यो नः प्रचोदयात्॥₹ का जाप करना चाहिए। सभी बाधाएं दूर होंगी।

**रोहिणी व मृगशिरा नक्षत्र** -इस नक्षत्र के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल में ₹ॐ ऋं, ॐ ऌं₹ मंत्र का जाप एक माला अर्थात 108 बार करना चाहिए। यह अनिष्ट प्रभावों को दूर कर शुभ फल प्रदान करता है।

**आर्द्रा, मघा, अश्लेषा, पूर्वाफाल्गुनी व अभिजित नक्षत्र** -इस नक्षत्र के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल में भगवान् शिव के पंचाक्षरी मंत्र ₹ॐ नमःशिवाय₹ का एक माला जाप करना चाहिए। इससे सभी दोष दूर होते हैं।

**पुनर्वसु ,पुष्य, हस्त व अनुराधा नक्षत्र** -

₹ॐ₹ मंत्र का एक माला जाप चन्द्रमा के गोचर काल में करने से सभी प्रकार के क्लेश दूर होते हैं।

**चित्रा, मूल, धनिष्ठा व स्वाति नक्षत्र** -इस राशि के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल के दौरान ₹ॐ ऐं ह्रीं क्लीं सरस्वत्यै नमः₹ मंत्र का एक माला जाप जातक को शुभ फल दायी होता है।

**विशाखा नक्षत्र** -इस राशि के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल के दौरान ₹ॐ यम् या ॐ राम₹ का एक माला तक जाप जातक के पापत्व मिटाकर शुभता बढ़ाते हैं।

**ज्येष्ठा नक्षत्र** - इस राशि के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल के दौरान ₹ॐ धं₹ मंत्र का एक माला जाप लाभप्रद होता है।

**पूर्वाषाढ़ नक्षत्र** -इस राशि के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल के दौरान ₹ॐ बँ₹ मंत्र का एक माला जाप करने से सुख व सफलता की प्राप्ति होती है।

**उत्तराषाढ़ व श्रवण नक्षत्र** -

इस राशि के जातकों के लिए चन्द्रमा के गोचर काल के दौरान ₹ॐ भाम्₹ मंत्र का एक माला जाप समस्त परेशानियों को दूर कर आरोग्य व् यश की वृद्धि करता है।

### आस्था, लोकपरंपरा और सामाजिक सद्भाव के रंग से भीगी यूपी की होली

# 'रंगोत्सव' में डूबा ब्रज काशी और अवध

एजेंसी | लखनऊ

फाल्गुन पूर्णिमा के साथ उत्तर प्रदेश में होली पूरी आस्था के साथ मनाई गई। सांस्कृतिक विविधता और सामाजिक एकता के रंग में हर कोई रंगा नजर आया। गांवों की गलियों से लेकर नगरों के सार्वजनिक स्थलों तक रंग, अबीर, लोकसंगीत और पारंपरिक आयोजनों ने वातावरण को उत्सवी बना दिया। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों में स्थानीय परंपराओं के अनुरूप मनाए गए इस पर्व ने साझा सांस्कृतिक विरासत की झलक प्रस्तुत की। लट्ठमार और फूलों की होली में भीगे ब्रजवासी होली का उल्लेख ब्रज क्षेत्र के बिना अधूरा माना जाता है। मथुरा, वृंदावन, बरसाना और नंदगांव में लठमार होली, फूलों की होली और पारंपरिक रंगोत्सव ने देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं को आकर्षित किया। बरसाना में महिलाओं द्वारा लठमार होली की परंपरा निभाई गई, वहीं नंदगांव में हुरियारों ने गुलाल उड़ाकर वातावरण को रंगमय बना दिया। मंदिरों में राधा-कृष्ण भक्ति के साथ संगीत और नृत्य का समन्वय देखने को मिला।

#### काशी के घाटों पर दिखी ढोल-मजीरे संग मस्ती

वाराणसी में होली का रंग आध्यात्मिकता और मस्ती के संग दिखाई दिया। गंगा घाटों पर सुबह से ही फाग गीत, ढोल-मंजीरे और पारंपरिक उत्सव का माहौल रहा। स्थानीय नागरिकों के साथ विदेशी पर्यटक भी रंगों में सराबोर नजर आए। बाबा विश्वनाथ की नगरी में "हर हर महादेव" के जयघोष के बीच देर शाम तक उत्सव जारी रहा।



#### राम की नगरी अयोध्या में मर्यादा का संगम

अयोध्या में होली श्रद्धा और शालीनता के साथ मनाई गई। मंदिरों और मोहल्लों में लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। सामूहिक होली मिलन कार्यक्रमों में सामाजिक सौहार्द और आपसी सम्मान का संदेश दिया गया। यहां उत्सव का स्वरूप भक्ति और पारिवारिक सहभागिता से जुड़ा दिखाई दिया। राजधानी लखनऊ सहित अवध क्षेत्र में होली का आयोजन संयमित और सांस्कृतिक शैली में हुआ।

#### पूर्वांचल में लोकधुनों की गूंजी बयार

मिर्जापुर, गोरखपुर, आजमगढ़ और बलिया सहित पूर्वांचल के जिलों में फाग और पारंपरिक लोकगीतों की धूम रही। ग्रामीण क्षेत्रों में ढोलक और झांझ की थाप पर रातभर गीत-संगीत का दौर चला। प्राकृतिक रंगों और सामूहिक भोज की परंपरा भी कई स्थानों पर निभाई गई। दूसरी तरफ बुंदेलखंड के झांसी, हमीरपुर और बांदा में होली कई दिनों तक चलने वाला उत्सव रही। महिलाओं की विशेष होली, लोकनृत्य और पारंपरिक रस्मों ने क्षेत्रीय पहचान को रेखांकित किया।

#### प्रशासनिक सतर्कता और सामाजिक पहल

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल, ड्रोन निगरानी और कंट्रोल रूम के माध्यम से स्थिति पर नजर रखी गई। अधिकांश स्थानों पर पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इस वर्ष पर्यावरण संरक्षण को लेकर भी जागरूकता दिखाई दी। कई जिलों में रासायनिक रंगों से परहेज, जल संरक्षण और सौहार्दपूर्ण उत्सव के संदेश के साथ होली मनाने की अपील की गई। युवाओं और स्वयंसेवी संगठनों ने पर्यावरण अनुकूल होली को बढ़ावा दिया।

# आईवी काउंटी सोसाइटी में युवक की गोली मारकर हत्या

**होली के दिन वारदात, वैवाहिक विवाद बना वजह**

एजेंसी | नोएडा





नोएडा के सेक्टर-75 स्थित आईवी काउंटी सोसाइटी में होली के दिन उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान साहिल सिंघल के रूप में हुई है, जो इसी सोसाइटी में रहता था। शुरुआती जांच में सामने आया है कि घटना वैवाहिक संबंध को लेकर हुए विवाद के बाद हुई। पुलिस ने मामले में दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, साहिल पहले से शादीशुदा था और पिछले चार वर्षों से उसका एक अन्य महिला के साथ भी संबंध था। इसी संबंध को लेकर महिला के परिवार में नाराजगी चल रही थी। होली के दिन महिला अपने दो भाइयों के साथ साहिल से मिलने सोसाइटी पहुंची। बताया जा रहा है कि एंट्री साहिल की ओर से ही कराई गई थी। मुलाकात के दौरान दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते गंभीर विवाद में बदल गई।

#### गुस्से में चलाई गोली

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बहस के दौरान महिला के एक भाई ने अचानक पिस्टल निकालकर साहिल पर गोली चला दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर गिर पड़ा। फायरिंग की आवाज सुनते ही सोसाइटी में अफरातफरी मच गई।स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। घायल साहिल को परिजन और सोसाइटी के लोग पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

#### दो हिरासत में, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

सूचना मिलते ही सेक्टर-113 कोतवाली पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। घटना में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। साथ ही सोसाइटी में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि पूरी सच्चाई सामने आ सके। घटना के बाद से सोसाइटी में दहशत का माहौल बना हुआ है।

## होली पर घर लौट रहे भाई-बहन को पिकअप ने कुचला

एजेंसी | कवर्धा

**भाई की मौत, बहन की हालत नाजुक**

कबीरधाम जिले में होली से ठीक पहले एक दर्दनाक सड़क हादसे ने उत्सव की खुशियों को मातम में बदल दिया। गांव लौट रहे भाई-बहन की बाइक को तेज गति से आ रहे एक पिकअप वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उसकी बहन गंभीर रूप से घायल हो गई। पुलिस के अनुसार घटना नेशनल हाईवे-30 पर बिरकोना के समीप हुई। मृतक की पहचान अमर दीवान के रूप में की गई है, जो रायपुर में अध्ययनरत था।



बताया जा रहा है कि वह होली मनाने अपनी बहन के साथ बाइक से अपने पैतृक गांव बोड़तरा जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, तेज रफ्तार पिकअप ने अचानक बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर की तीव्रता इतनी अधिक थी कि अमर दीवान ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया।

## शिया व सुन्नी धर्मगुरु और विश्व की महाशक्तियां युद्ध रुकवाने के लिए आगे आएं: बाबा रामदेव

एजेंसी | हरिद्वार

पतंजलि योगपीठ के योग भवन में सुबह के योगाभ्यास के बाद स्वामी रामदेव ने योग साधकों और पतंजलि यूनिवर्सिटी के छात्रों के साथ खूब होली खेली। स्वामी रामदेव ने सभी के साथ फूलों और रंगों से होली खेलकर शुभकामनाएं दी। इस मौके पर मीडिया से बात करते हुए स्वामी रामदेव ने ईरान-इजरायल युद्ध पर चिंता जताते हुए कहा कि पूरा पश्चिम एशिया युद्ध की आग में जल रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका डॉलर का वर्चस्व कायम करना चाहता है और जो देश अमेरिका की बात नहीं मानता अमेरिका उसे निशाना बनाता है।



#### देश में मतभेद नहीं, एकता जरूरी

बाबा रामदेव ने भारत की विदेश नीति पर भरोसा जताते हुए कहा कि यह समय राजनीतिक मतभेदों का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय एकता का है। उन्होंने अपील की कि देश के मामलों में बेवजह आलोचना से बचा जाए और सरकार के प्रयासों का समर्थन किया जाए। स्वामी रामदेव ने आह्वान किया कि सभी शिया और सुन्नी गुरुओं और विश्व की महाशक्तियों को आगे आकर इन युद्धों को रुकवा कर शांति स्थापित करने की कोशिश करनी चाहिए।

## रंग खेलने निकले युवक की चाकू से गोदकर हत्या

एजेंसी | रायपुर

राजधानी रायपुर के आरंग क्षेत्र में होली के दौरान एक 18 वर्षीय युवक की चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपितों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान नीरज लोधी, निवासी रामनगर चौक, के रूप में हुई है। वह अपने दो साथियों के साथ होली खेलने के लिए मोटरसाइकिल से निकला था।

## होली के दिन फंदे से लटकती मिली प्रतियोगी छात्रा

एजेंसी | प्रयागराज

प्रयागराज के कर्नलगंज थाना क्षेत्र स्थित ढरहरिया मोहल्ले में बुधवार को एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही युवती मृत अवस्था में पाई गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की। पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान मीता देवी मौर्य (31) के रूप में हुई है, जो मूलतः आजमगढ़ जनपद के अहिरौल थाना क्षेत्र अंतर्गत बरामद गांव की निवासी थीं। वह प्रयागराज में रहकर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थीं और साथ ही कोचिंग संस्थान में पढ़ाने का कार्य भी करती थीं।



#### पड़ोसियों की सूचना पर आई पुलिस

स्थानीय लोगों के मुताबिक, बुधवार को जब वह सुबह से कमरे से बाहर नहीं निकलीं तो पड़ोसियों को संदेह हुआ। आवाज देने पर भी कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर कर्नलगंज थाना पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दरवाजा खुलवाकर अंदर प्रवेश किया, जहां युवती का शव मिला।





# लुढ़का बाजार, सेंसेक्स 1122 अंक टूटा

**अंत तक लाल निशान में रहे प्रमुख सूचकांक**

एजेंसी | मुंबई

अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिले नकारात्मक संकेतों और पश्चिम एशिया में बढ़ती भू-राजनीतिक अनिश्चितता के बीच भारतीय इक्विटी बाजारों में बुधवार को व्यापक गिरावट दर्ज की गई। अवकाश के बाद खुले बाजार में शुरुआती घंटों से ही बिकवाली का दबाव बना रहा और कारोबार के अंत तक प्रमुख सूचकांक लाल निशान में ही रहे। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का प्रमुख सूचकांक BSE Sensex 1,122.66 अंक (1.40%) लुढ़ककर 79,116.19 पर बंद हुआ।



वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का Nifty 50 385.20 अंक (1.55%) टूटकर 24,480.50 पर आ गया। होली के अवकाश के बाद खुले बाजार में निवेशकों ने जोखिम घटाने की रणनीति अपनाई, जिससे दिनभर दबाव कायम रहा। सेक्टोरल इंडेक्सों में लगभग सर्वत्र कमजोरी देखने को मिली। निफ्टी पैक के 50 में से 46 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि केवल चार शेयरों में बढ़त दर्ज की गई। मिडकैप और लार्जकैप दोनों वर्गों में बिकवाली का दबाव स्पष्ट रहा, जो व्यापक बाजार भावना की कमजोरी को दर्शाता है।

#### IT और टेलीकॉम में मजबूती

कमजोर रुझान के बीच Bharti Airtel लगभग 1.90% की तेजी के साथ शीर्ष बढ़त वाले शेयरों में शामिल रहा। आईटी क्षेत्र में Infosys में करीब 1.39% की वृद्धि दर्ज की गई, जबकि Tech Mahindra भी हल्की बढ़त के साथ बंद हुआ। सीमित दायरे में हुई यह खरीदारी निवेशकों के सेक्टोरल रोटेशन की ओर संकेत करती है। दूसरी ओर, धातु और बुनियादी ढांचा क्षेत्र के शेयरों में तेज गिरावट रही। Tata Steel में 7% से अधिक की गिरावट दर्ज की गई।

#### बैंकिंग सेक्टर की कमजोरी

वित्तीय शेयरों में भी गिरावट का रुख रहा। HDFC Bank, ICICI Bank, Kotak Mahindra Bank और Axis Bank जैसे दिग्गज शेयर निचले स्तर पर बंद हुए। बैंकिंग शेयरों में बिकवाली ने सूचकांकों पर अतिरिक्त दबाव डाला। एशियाई बाजारों में भी कमजोरी का रुख रहा। दक्षिण कोरिया का KOSPI, जापान का Nikkei 225 और हांगकांग का Hang Seng Index दबाव में कारोबार करते दिखे। वैश्विक निवेशकों की जोखिम से दूरी ने उभरते बाजारों पर प्रभाव डाला। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने ऊर्जा आपूर्ति को लेकर आशंकाएं बढ़ाई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में Brent Crude लगभग 82 डॉलर प्रति बैरल के आसपास कारोबार करता नजर आया।

## पीएनजीएस रेवा डायमंड की फीकी लिस्टिंग

**आईपीओ के निर्धारिय मूल्य से नीचे खुला शेयर**

एजेंसी | मुंबई

डायमंड ज्वेलरी निर्माण क्षेत्र की कंपनी पीएनजीएस रेवा डायमंड ज्वेलरी लिमिटेड ने बाजार में कमजोर शुरुआत की है। कंपनी का शेयर आईपीओ मूल्य से नीचे सूचीबद्ध हुआ, जिससे शुरुआती निवेशकों को निराशा हाथ लगी। कंपनी ने अपना आईपीओ 386 रुपये प्रति शेयर के भाव पर जारी किया था। हालांकि, BSE पर लिस्टिंग 372 रुपये पर हुई, जो निर्गम मूल्य से लगभग 3.6 प्रतिशत कम है। शुरुआती कारोबार में बिकवाली बढ़ने पर शेयर 360 रुपये तक फिसल गया। बाद में सीमित खरीदारी के चलते यह 380 रुपये के आसपास पहुंचा, लेकिन दोपहर 11:30 बजे तक यह लगभग 374 रुपये पर कारोबार कर रहा था।



#### आईपीओ को मिला सीमित प्रतिसाद

380 करोड़ रुपये के इस निर्गम को 24 से 26 फरवरी के बीच सब्सक्रिप्शन के लिए खोला गया था। कुल मिलाकर यह 1.23 गुना सब्सक्राइब हुआ। कंपनी ने 10 रुपये फेस वैल्यू वाले 98 .44 लाख नए शेयर जारी किए। जुटाई गई राशि का उपयोग 2028 तक 15 नए स्टोर खोलने, 'रेवा' ब्रांड के प्रचार-प्रसार और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों के लिए किया जाना प्रस्तावित है। सेबी के समक्ष दाखिल दस्तावेजों के अनुसार कंपनी की आय और लाभ में पिछले वर्षों में अस्थिरता रही है। शुद्ध लाभ (कर पश्चात) 2022-23 में 51.75 करोड़, 2023-24 में 42 .41 करोड़, 2024-25 में 59 .47 करोड़ और 2025-26 (पहली छमाही) में 20 .13 करोड़ रहा।

## डॉलर की मजबूती से प्रेशर में सराफा कारोबार

**कीमती धातुओं की कीमतों में गिरावटर्**

एजेंसी | नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद घरेलू सर्राफा बाजार में बुधवार को कीमती धातुओं में नरमी का रुख देखने को मिला। आमतौर पर वैश्विक अस्थिरता के दौर में निवेशक सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोना-चांदी की ओर रुख करते हैं, जिससे इनके दाम बढ़ते हैं। हालांकि इस बार मजबूत अमेरिकी डॉलर और बढ़ती ट्रेजरी यील्ड के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में दबाव बना, जिसका सीधा असर भारतीय बाजारों पर भी पड़ा।



व्यापारिक सूत्रों के अनुसार, शुरुआती सत्र में सोने की कीमत में 2,305 रुपये से लेकर 2,500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। वहीं चांदी में 100 रुपये प्रति किलोग्राम की सांकेतिक कमजोरी देखी गई। कीमतों में इस कमी के बाद देश के अधिकांश प्रमुख बाजारों में 24 कैरेट सोना 1,67,610 रुपये से 1,67,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता नजर आया।

22 कैरेट सोने का भाव 1,53,640 रुपये से 1,53,790 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच रहा। राष्ट्रीय राजधानी में चांदी का भाव 2,94,900 रुपये प्रति किलोग्राम दर्ज किया गया। राजधानी नई दिल्ली में 24 कैरेट सोना 1,67,760 रुपये और 22 कैरेट सोना 1,53,790 रुपये प्रति 10 ग्राम पर उपलब्ध रहा। आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,67,610 रुपये तथा 22 कैरेट सोना 1,53,640 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बिकता दिखा। अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने का दाम 1,67,660 रुपये और 22 कैरेट का 1,53,690 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा।

## भारत के हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में तेजी

एजेंसी | नई दिल्ली

रेटिंग एजेंसी ICRA की ताजा रिपोर्ट के अनुसार 2025-26 में भारत का हॉस्पिटैलिटी सेक्टर 9 से 12 फीसदी तक राजस्व वृद्धि दर्ज कर सकता है। घरेलू पर्यटन की मजबूत मांग, शादियां, कॉर्पोरेट ट्रैवल और MICE (मीटिंग, इंसेंटिव, कॉन्फ्रेंस और एग्जीबिशन) गतिविधियां इस ग्रोथ की प्रमुख वजह बताई गई हैं। FY25 में ऊंचा आधार होने के बावजूद सेक्टर का आउटलुक सकारात्मक बना हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक, देशभर में प्रीमियम होटलों की ऑक्यूपेंसी FY26 में 72-74% रहने का अनुमान है।

# भू-राजनीतिक तनाव से डरा शेयर बाजार

**शेयर बाजार में तीसरे दिन भी तेज गिरावट**

एजेंसी | नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव और वैश्विक अनिश्चितताओं के प्रभाव से भारतीय शेयर बाजार में लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में भारी बिकवाली दर्ज की गई। शुरुआती घंटों में ही प्रमुख सूचकांक दबाव में आ गए। कारोबार की शुरुआत के साथ ही BSE Sensex में 1,700 अंकों से अधिक की गिरावट दर्ज हुई, जबकि NIFTY 50 भी 530 अंकों से ज्यादा टूट गया।

#### निवेशकों की संपत्ति में बड़ी कमी

तेज गिरावट के चलते बाजार खुलने के कुछ ही मिनटों में निवेशकों की संपत्ति में लगभग 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक की कमी दर्ज की गई। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन घटकर करीब 446 लाख करोड़ रुपये के आसपास आ गया, जो पिछले सत्र में लगभग 457 लाख करोड़ रुपये था। हालांकि दोपहर तक आंशिक रिकवरी की कोशिशें दिखीं, लेकिन बाजार दबाव में बना रहा।



#### ऐसी स्थिति में क्या कहते हैं विशेषज्ञ

बाजार विश्लेषकों के अनुसार जब तक पश्चिम एशिया की स्थिति स्पष्ट नहीं होती और कच्चे तेल की कीमतों में स्थिरता नहीं आती, तब तक बाजार में उतार-चढ़ाव बना रह सकता है। फिलहाल निवेशक सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख कर रहे हैं और उच्च जोखिम वाले शेयरों में नई खरीदारी से बच रहे हैं।

# सेमीफाइनल का महामुकाबला आज

- लगातार तीसरी बार सेमीफाइनल में इंग्लैंड से टकराएगा भारत
- वानखेड़े स्टेडियम में 71% टी-20 जीता भारत

एजेंसी | मुंबई

आईसीसी मेन्स टी20 वर्ल्ड कप 2026 में टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज को हराकर सेमीफाइनल में जगह बना ली है। अब 5 मार्च को नॉकआउट मुकाबले में उसका सामना इंग्लैंड से होगा। इस मैच की विजेता टीम सीधे फाइनल में पहुंचेगी और 8 मार्च को अहमदाबाद में खिताबी जंग खेलेगी। इस बार टूर्नामेंट में 20 टीमों ने हिस्सा लिया था, जिनमें से सिर्फ चार सेमीफाइनल तक पहुंच सकी हैं। ग्रुप-1 से भारत और साउथ अफ्रीका ने क्वालिफाई किया है, जबकि ग्रुप-2 से इंग्लैंड और न्यूजीलैंड ने अंतिम चार में जगह बनाई है। पहला सेमीफाइनल 4 मार्च को साउथ अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा।



**हेड-टू-हेड रिकॉर्ड**
खेले गए मैच – 5
भारत ने जीता – 3
इंग्लैंड ने जीता – 2

### 2024 में भारत का पलटवार

2024 के टी20 वर्ल्ड कप में भारत ने इस हार का बदला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 171 रन बनाए और इंग्लैंड को 103 रन पर समेट दिया। इस मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों का दबदबा देखने को मिला और भारत ने एकतरफा जीत दर्ज की।

### अब तीसरी भिड़ंत पर टिकी नजरें

अब तीसरी बार सेमीफाइनल में दोनों टीमें आमने-सामने होंगी। इंग्लैंड सुपर-8 चरण में अजेय रही है, जबकि भारत को शुरुआती हार के बाद शानदार वापसी करनी पड़ी। टी20 वर्ल्ड कप इतिहास में दोनों के बीच अब तक पांच मुकाबले हुए हैं, जिसमें भारत ने तीन और इंग्लैंड ने दो जीते हैं। सेमीफाइनल में दोनों 1-1 से बराबरी पर हैं, ऐसे में वानखेड़े में होने वाला यह मुकाबला बेहद रोमांचक होने की उम्मीद है।

## टी20 विश्व कप 2026 में भी एक समान रिकॉर्ड

इस टी20 विश्व कप में भारत ने अभी तक 7 मैच खेले हैं। टीम को 6 में जीत मिली है जबकि एक में हार झेलनी पड़ी। इंग्लैंड ने भी 7 मैचों में 6 जीत हासिल की है। हालांकि टी20 विश्व कप में ओवरऑल भारत ने अभी तक 59 मैच खेले हैं। टीम को 42 जीत और 16 हार मिली है। दूसरी तरफ इंग्लैंड ने भी 59 मैच खेले हैं लेकिन टीम 34 को ही अपने नाम कर पाई। उसे 23 में हार झेलनी पड़ी।

### लगातार तीसरी बार भारत-इंग्लैंड आमने-सामने

एक दिलचस्प संयोग यह है कि टीम इंडिया लगातार तीसरी बार टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है और तीनों बार उसका मुकाबला इंग्लैंड से ही तय हुआ है। इससे पहले 2022 और 2024 के संस्करण में भी दोनों टीमें सेमीफाइनल में आमने-सामने थीं।

### 2022 का दर्दनाक सेमीफाइनल

साल 2022 के सेमीफाइनल में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 168 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने 16 ओवर में बिना विकेट गंवाए लक्ष्य हासिल कर लिया और भारत को 10 विकेट से करारी हार झेलनी पड़ी थी। उस जीत के बाद इंग्लैंड ने खिताब भी अपने नाम किया था।

## भारत और इंग्लैंड की कहानी एक जैसी

छठी बार भारत ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में खेलेगा। इससे पहले 2007, 2014, 2016, 2022 और 2024 में टीम सेमीफाइनल खेल चुकी है। भारतीय टीम को टी20 विश्व कप में खेले 5 सेमीफाइनल में तीन जीत मिली है। टीम को 2016 में वेस्टइंडीज और 2022 में इंग्लैंड से हार मिली थी। टीम तीन बार फाइनल में पहुंची और दो बार विजेता रही। 2007 में पाकिस्तान और 2024 में साउथ अफ्रीका को हराकर खिताब जीता। 2014 में भारत को खिताबी मुकाबले में श्रीलंका से हार झेलनी पड़ी थी। इंग्लैंड की बात करें तो उसका भी छठा सेमीफाइनल है। टीम ने 2010, 2016, 2021, 2022 और 2024 में भी सेमीफाइनल में जगह पक्की की थी। इंग्लैंड को भी भारत की तरह ही टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में तीन जीत और दो हार मिली है। टीम 2021 और 2024 में सेमीफाइनल में हारी थी। 2024 में उसे भारत ने ही हराया था। तीन बार खिताबी मुकाबले में जगह बनाने वाली इंग्लैंड भी दो बार की चैंपियन है। 2010 और 2022 में उसने खिताब जीता जबकि 2016 में वेस्टइंडीज ने उसे हराकर बाजी मार ली थी।

## मुंबई में भारत को हर बार चैलेंज देता है इंग्लैंड

वानखेड़े स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच तीनों फॉर्मेट के 13 मुकाबले खेले गए। 6 में भारत और 6 में ही इंग्लैंड को जीत मिली। एक टेस्ट ड्रॉ भी रहा। 2012 में जब इंग्लैंड ने भारत को 2-1 से टेस्ट सीरीज हराई थी, तब इंग्लिश टीम ने वानखेड़े में 10 विकेट से मुकाबला जीता था।

टी-20 में दोनों को 1-1 जीत मिली। वहीं वनडे में इंग्लैंड का पलड़ा भारी रहा। वानखेड़े स्टेडियम में भारत ने पहला सेमीफाइनल 1987 के वनडे वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था। जहां होम टीम 35 रन से हार गई। 1989 में वेस्टइंडीज ने नेहरू कप का सेमीफाइनल हरा दिया। 2016 के टी-20 वर्ल्ड कप में टीम को फिर एक बार वेस्टइंडीज से ही हार मिली। भारत को इस मैदान पर इकलौती सेमीफाइनल जीत 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में मिली, तब टीम ने न्यूजीलैंड को 70 रन से हराया था। वानखेड़े में टीम इंडिया ने 2 फाइनल भी खेले हैं, दोनों में टीम को जीत मिली। 1996 में भारत ने साउथ अफ्रीका को टाइटन कप हराया, वहीं 2011 में श्रीलंका को वनडे वर्ल्ड कप में मात दी।

### टी-20 वर्ल्ड कप में तीसरी बार ही खेलेगा भारत

वानखेड़े स्टेडियम में भारत तीसरी बार ही टी-20 वर्ल्ड कप का मैच खेलेगा। 2016 में टीम वेस्टइंडीज से हारी, वहीं 2026 में टीम ने अमेरिका को 29 रन के करीबी अंतर से हराया। वनडे वर्ल्ड कप में भारत यहां 6 मैच खेल चुका है, 4 में टीम को जीत और महज 2 में हार मिली। हालांकि, एक हार इंग्लैंड के खिलाफ ही रही।

### मुंबई में इंग्लैंड के नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड

वानखेड़े स्टेडियम में इंग्लैंड ने 6 टी-20 खेले, 3 जीते और 3 ही गंवाए। टीम के नाम यहां टी-20 वर्ल्ड कप इतिहास में सबसे बड़ा रन चेज करने का रिकॉर्ड भी है। 2016 में इंग्लैंड ने 19.4 ओवर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 230 रन का टारगेट हासिल कर लिया। वर्ल्ड कप इतिहास में 2 ही बार 200 से ज्यादा रन का टारगेट सफलतापूर्वक चेज हुआ, जिसमें इंग्लैंड टॉप पर है।

### वानखेड़े में 71% टी-20 जीता भारत

मुंबई में भारत ने 2012 में पहला टी-20 इंग्लैंड के खिलाफ ही खेला था, जिसमें टीम को हार मिली थी। उसके बाद टीम इंडिया ने यहां 6 टी-20 खेले, 5 जीते और महज 1 गंवाया। हालांकि, एक हार वर्ल्ड कप सेमीफाइनल में ही रही। इस मैदान पर भारत का बेस्ट स्कोर 247 रन है, जो टीम ने पिछले साल इंग्लैंड के खिलाफ ही बनाया था।

### वर्ल्ड कप में इंग्लैंड का 50-50 रिकॉर्ड

टी-20 वर्ल्ड कप में इंग्लैंड ने यहां 4 मैच खेले, 2 जीते और 2 ही गंवाए। टीम को दोनों हार वेस्टइंडीज के खिलाफ मिली। इस बार टीम ने मुंबई में 2 मैच खेले, नेपाल को 4 रन के करीबी अंतर से हराया, वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ 30 रन की हार मिली। वनडे वर्ल्ड कप में भी इंग्लैंड यहां 2 मैच खेल चुका है। 1 में जीत और 1 में ही हार मिली।

### पेसर्स का बोलबाला, अभिषेक टॉप स्कोरर

वानखेड़े स्टेडियम में गेंदबाजों ने 186 विकेट लिए हैं, जिनमें से 116 पेसर्स और 70 स्पिनर्स के नाम रहे। पिच पर शुरुआत में तेज गेंदबाजों को मदद मिलती है, लेकिन कुछ ओवर बाद ही बैटर्स के लिए रन बनाना आसान हो जाता है। मुंबई में 2 ही बैटर्स टी-20 शतक लगा सके हैं। वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने 2016 में इंग्लैंड के खिलाफ ही वर्ल्ड कप सेंचुरी लगाई थी। वहीं 2025 में भारत के अभिषेक शर्मा इंग्लैंड के खिलाफ 135 रन की पारी खेल चुके हैं। जो इस मैदान पर सबसे बड़ा इंडिविजुअल स्कोर है।

# बांग्लादेश दौरे के लिए पाकिस्तान टीम का एलान

- बाबर आजम को नहीं मिला मौका

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है, लेकिन इस टीम बाबर आजम को शामिल नहीं किया गया है। इसी महीने ढाका के शेर-ए बंग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाली इस सीरीज से बाबर को बाहर रखा जाना कई सवाल खड़े कर रहा है।

टी20 विश्व कप 2026 में पाकिस्तान टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा था, जहां टीम सुपर-8 चरण से बाहर हो गई। बाबर का बल्ला पूरे टूर्नामेंट में खामोश रहा और उन्हें अंतिम सुपर-8 मुकाबले में भी प्लेइंग इलेवन से बाहर बैठना पड़ा था। अब वनडे टीम से भी बाहर किया जाना इस बात का संकेत माना जा रहा है कि चयनकर्ताओं ने बड़े बदलाव का फैसला कर लिया है। बाबर के साथ-साथ सईम अयूब को भी टीम में जगह नहीं मिली है।




### छह नए चेहरों के साथ बड़ा बदलाव

पीसीबी ने टीम में छह अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया है। इनमें साहिबजादा फरहान, अब्दुल समद, माज सदाकत, मुहम्मद गाजी घोरी, साद मसूद और शमील हुसैन शामिल हैं। ये सभी हाल ही में पाकिस्तान शाहीन्स की ओर से इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अबू धाबी में खेले थे।

### कप्तानी फिर शाहीन के हाथ

तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को एक बार फिर टीम की कमान सौंपी गई है। टीम में हारिस रऊफ और हुसैन तलत की वापसी हुई है, जबकि अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फैसल अकरम, मोहम्मद वसीम जूनियर और सलमान अली आगा जैसे खिलाड़ी बरकरार हैं। एक समय ऐसा था जब बाबर आजम का नाम तीनों प्रारूपों में टीम शीट पर सबसे ऊपर लिखा जाता था। लेकिन बदलते क्रिकेट और आक्रामक बल्लेबाजी की मांग के बीच बाबर की धीमी स्ट्राइक रेट और बड़े मैचों में नाकामी उन पर भारी पड़ती दिख रही है। वनडे में 46 से अधिक का औसत रखने वाले बल्लेबाज को बाहर करना बताता है कि चयनकर्ता अब सिर्फ आंकड़ों से आगे सोच रहे हैं। अगर बाबर घरेलू क्रिकेट या आगामी सीरीज में दमदार वापसी नहीं करते, तो उनका अंतरराष्ट्रीय करियर सचमुच एक कठिन मोड़ पर आ सकता है।



## चिन्नास्वामी स्टेडियम में हुई क्रिकेट की वापसी

### बेंगलुरु में आरसीबी खेलेगी अपने 5 मैच

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु का एम चिन्नास्वामी स्टेडियम एक बार फिर क्रिकेट मैचों की मेजबानी के लिए तैयार है। खबर है कि इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) 2026 का पहला मैच इसी मैदान पर खेला जाएगा। इसके साथ-साथ बेंगलुरु का यह प्रतिष्ठित मैदान आगामी IPL सीजन में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (RCB) के 5 मैचों की मेजबानी करेगा। बता दें कि RCB का यह घरेलू मैदान है और यहां पर पिछले कुछ महीनों में कोई भी घरेलू या अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं हुआ था। RCB अपने 5 मैच बेंगलुरु में खेलने के अलावा 2 मैच रायपुर में भी खेलेगी। बता दें कि आगामी सीजन में रायपुर का शहीद वीर नारायण अंतरराष्ट्रीय मैदान RCB का दूसरा घरेलू मैदान होगा। वहीं, चिन्नास्वामी स्टेडियम में लीग चरण के 5 मैचों के अलावा 2 प्लेऑफ मुकाबले भी खेले जाएंगे, जिसमें फाइनल भी शामिल है।

# बॉ ली वु ड

## यश की 'टॉक्सिक' टली अब 4 जून में होगी रिलीज




साउथ सुपरस्टार यश की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिकः ए फेयरीटेल फॉर ग्रोन-अप्स' की रिलीज को लेकर बड़ा बदलाव सामने आया है। फिल्म पहले 19 मार्च को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे स्थगित कर दिया गया है। इस अचानक फैसले से फैंस में निराशा जरूर है, हालांकि निर्माताओं ने इसके पीछे की वजह साफ कर दी है। निर्माताओं की ओर से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर मध्य पूर्व देशों में जारी संघर्ष के कारण अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। ऐसे हालात में फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक दर्शकों तक पहुंचाना चुनौतीपूर्ण हो सकता था। इसी को ध्यान में रखते हुए साझेदारों के साथ विचार-विमर्श के बाद रिलीज डेट आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया।

अब यह फिल्म 4 जून, 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। खास बात यह है कि इस फैसले से बॉक्स ऑफिस पर एक बड़ा टकराव भी टल गया है। दरअसल, 19 मार्च को रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 भी रिलीज होने वाली थी।


ट्रेड एक्सपर्ट्स का मानना है कि रिलीज डेट में बदलाव सिर्फ परिस्थितियों को देखते हुए ही नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी अहम कदम है। हालांकि दर्शकों का इंतजार अब कुछ और लंबा हो गया है, लेकिन फैंस को उम्मीद है कि 'टॉक्सिक' बड़े पर्दे पर धमाकेदार प्रदर्शन करेगी।



## इम्तियाज अली की फिल्म में सारा अर्जुन की एंट्री

निर्देशक इम्तियाज अली और निर्माता एकता कपूर की आगामी फिल्म 'हीर रांझा' को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। 14 फरवरी को फिल्म की आधिकारिक घोषणा के बाद से ही दर्शक इसके कलाकारों और कहानी से जुड़ी हर नई जानकारी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म की कास्टिंग को लेकर अहम अपडेट सामने आया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म की नायिका के चयन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि युवा अभिनेत्री सारा अर्जुन इस भूमिका के लिए प्रबल दावेदार बनकर उभरी हैं। बताया जा रहा है कि फिल्म की टीम एक नए और फ्रेश चेहरे की तलाश में है और सारा ने अपने हालिया प्रोजेक्ट 'धुरंधर' से सभी का ध्यान आकर्षित किया है। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों का मानना है कि वह उभरती हुई प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में शामिल हैं और 'हीर' के किरदार के लिए मजबूत विकल्प हो सकती हैं। वहीं, 'रांझा' की भूमिका के लिए अभिनेता रोहित सराफ का नाम सामने आया है। हालांकि, उनकी अंतिम पुष्टि दोनों मुख्य कलाकारों के बीच की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री पर निर्भर करेगी। बताया जा रहा है कि फिल्म की शूटिंग 2026 की गर्मियों में शुरू होने की संभावना है।

## 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन का ऐलान



महानायक अमिताभ बच्चन कई साल से क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति' की मेजबानी करते आ रहे हैं। 2025 में शो का 17वां सीजन प्रसारित किया गया था जिसे अन्य सीजन की तरह ही लोकप्रियता हासिल हुई। अब निर्माता केबीसी का 18वां सीजन लाने तैयारी कर रहे हैं जिसकी घोषणा आधिकारिक तौर पर कर दी गई है। दिलचस्प बात यह है कि एक बार फिर अमिताभ को इस शो के साथ बतौर होस्ट वापसी करते हुए देखा जाएगा। निर्माताओं ने 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन का ऐलान करते हुए प्रोमो साझा किया है। वीडियो में अमिताभ दिखाई देते हैं जो मजेदार अंदाज में फैंस को नए सीजन का तोहफा देने की तैयारी करते दिखे हैं। प्रोमो में आगे बताया गया कि शो के लिए पंजीकरण 9 मार्च से शुरू हो रहे हैं।

## 'वेलकम 4' पर अनिल कपूर ने तोड़ी चुप्पी



अक्षय कुमार और अनिल कपूर की सुपरहिट कॉमेडी फिल्म 'वेलकम' आज भी दर्शकों की पसंदीदा फिल्मों में शुमार है। इस फिल्म में अनिल कपूर, नाना पाटेकर और अक्षय कुमार की तिकड़ी ने दर्शकों को खूब गुदगुदाया था। अब एक बार फिर इस फ्रैंचाइजी को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। हाल ही में अक्षय कुमार के टीवी शो 'व्हील ऑफ फॉर्च्यून' में अनिल कपूर बतौर मेहमान पहुंचे। इस दौरान उन्होंने 'वेलकम' फ्रैंचाइजी को लेकर मजाकिया अंदाज में बड़ा संकेत दे दिया। अनिल ने कहा, सबसे पहले तो अक्षय साहब के साथ 'वेलकम' की, फिर 'वेलकम 2' में ये नहीं थे, 'वेलकम 3' में मुझे निकाल दिया और 'वेलकम 4' हम फिर साथ में करेंगे। उनके इस बयान ने फैंस के बीच उत्साह बढ़ा दिया है।

हालांकि, 'वेलकम 4' को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है, लेकिन अनिल कपूर के इस बयान के बाद अक्षय और उनके रीयूनियन की अटकलें तेज हो गई हैं। अगर ऐसा होता है तो दर्शकों को एक बार फिर इस हिट जोड़ी की कॉमिक टाइमिंग देखने का मौका मिल सकता है। वहीं, अनिल कपूर इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सूबेदार' को लेकर चर्चा में हैं, जो 5 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में राधिका मदान, सौरभ शुक्ला और मोना सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# बनारस के घाटों से लेकर लद्दाख की वादियों तक चली पिचकारी


कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी कार्यालय में होली के त्योहार को रंगों और उत्साह के साथ मनाया।


अरविंद केजरीवाल ने मनीष सिसोदिया के आवास पर पार्टी नेताओं और समर्थकों के साथ रंगों का त्योहार होली मनाया।


वृंदावन में हिंदू विधवाओं ने फूलों की पंखुड़ियां और रंग एक-दूसरे पर छिड़ककर होली का त्योहार धूमधाम से मनाया।


इस अवसर पर पर्यटक भी शामिल हुए और भारतीय संस्कृति का एक अनुभव पाने के लिए उत्सव में भाग लिया।


अहमदाबाद के श्री जगन्नाथजी मंदिर में होली के फूलों वाले उत्सव के दौरान लोग भगवान जगन्नाथ की मूर्ति को लेकर जुलूस में शामिल हुए।


हैदराबाद के बेगम बाजार में लोग रंगों के साथ होली का आनंद लेते नजर आए।

# चुनावी समर में 'विजय' का दांव



एजेंसी | चेन्नई/कोलकाता

इस साल पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। निर्वाचन आयोग की टीमें राज्यों के दौरे कर तैयारियों की समीक्षा कर रही है। इसी बीच राजनीतिक दलों ने प्रत्याशियों के नाम का एलान करना भी शुरू कर दिया है। कहीं चुनावी घोषणा पत्र के वादों से जनता को लुभाने के प्रयास किए जा रहे हैं, तो किसी राज्य में क्षेत्रीय अस्मिता को मुद्दा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। कई राजनीतिक दलों के बड़े चेहरे जनसभाओं के माध्यम से जनाधार बढ़ाने की कवायद भी कर रहे हैं।

- असम, प.बंगाल, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में चुनावी हलचल तेज
- तमिलनाडु में टीवीके का घोषणा पत्र जारी
- बंगाल और असम में नेताओं के बीच जुबानी जंग

## तमिलनाडु में विजय की पार्टी का घोषणापत्र

तमिलनाडु में अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) ने विधानसभा चुनाव के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया है। विजय ने कहा कि अगर उनकी सरकार बनती है तो दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों के बच्चों की उच्च शिक्षा का पूरा खर्च सरकार उठाएगी। उनका कहना है कि यह कदम गरीब किसानों के परिवारों को राहत देने के लिए उठाया जाएगा। विजय ने भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई का भी वादा किया। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी साफ और पारदर्शी शासन देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उन्होंने मछुआरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का भरोसा दिया। विजय ने कहा कि उनकी पार्टी राज्य की जनता को एक नया राजनीतिक विकल्प देना चाहती है। उन्होंने सत्तारूढ़ डीएमके पर भी हमला बोला और कहा कि उनकी पार्टी राज्य की राजनीति में बदलाव लाने के लिए तैयार है।

## असम में कांग्रेस की पहली सूची से बढ़ी हलचल

असम में कांग्रेस ने तीन मार्च को विधानसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में पार्टी ने कई वरिष्ठ नेताओं के साथ युवाओं और नए चेहरों को भी मौका दिया है। कांग्रेस का कहना है कि टिकट देने में सामाजिक संतुलन, क्षेत्रीय समीकरण और जमीनी पकड़ को ध्यान में रखा गया है। पार्टी का दावा है कि जिन उम्मीदवारों को मैदान में उतारा गया है वे भाजपा के खिलाफ मजबूत मुकाबला करेंगे। पहली सूची जारी होने से पहले उम्मीदवारों के नामों पर लंबे समय तक विचार-विमर्श हुआ। प्रदेश नेतृत्व और केंद्रीय चुनाव समिति के बीच कई दौर की बैठकों के बाद इस सूची को अंतिम रूप दिया गया। कांग्रेस ने कुछ मौजूदा विधायकों पर फिर से भरोसा जताया है, जबकि कई सीटों पर नए चेहरे उतारकर बदलाव का संदेश देने की कोशिश की है। कांग्रेस इस बार बेरोजगारी, महंगाई, किसानों की समस्याओं और कथित भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्दा बना रही है। पार्टी नेताओं का कहना है कि असम की जनता बदलाव चाहती है। वहीं भाजपा भी पूरी ताकत से चुनावी तैयारी में जुट गई है। खबर है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जल्द ही असम में बड़ी रैली कर सकते हैं, जिससे चुनावी मुकाबला और तेज होने की संभावना है।

## बंगाल में भाजपा और टीएमसी के बीच तीखा संघर्ष

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक माहौल काफी गरम है। भाजपा इस बार राज्य में सरकार बनाने की कोशिश में पूरी ताकत लगा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह जैसे शीर्ष नेता वहां कई रैलियां कर चुके हैं। पार्टी लगातार राज्य में अपने संगठन को मजबूत करने में लगी हुई है। दूसरी ओर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी भाजपा और चुनाव आयोग पर लगातार हमला बोल रही हैं। वह एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सवाल उठा रही हैं और आरोप लगा रही हैं कि इससे मतदाताओं को परेशान किया जा रहा है। टीएमसी का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना जरूरी है।टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। पार्टी का दावा है कि एसआईआर से जुड़े तनाव के कारण राज्य में कई लोगों की मौत हो चुकी है। टीएमसी ने कहा कि वह बंगाल के लोगों के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेगी और किसी भी तरह की नाइंसाफी का विरोध करेगी।

## केरल में कांग्रेस की चुनावी रणनीति

केरल विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। खबर है कि पार्टी अपने 22 में से 20 मौजूदा विधायकों को दोबारा चुनाव मैदान में उतार सकती है। उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने के लिए राज्य के नेता दिल्ली में पार्टी नेतृत्व के साथ बैठक कर रहे हैं। राजनीतिक सूत्रों के अनुसार दो मौजूदा विधायकों को इस बार टिकट नहीं दिया जा सकता है। छह बार के विधायक के. बाबू ने चुनाव न लड़ने का फैसला किया है। वहीं एक अन्य नेता राहुल ममकूटथिल के खिलाफ दर्ज मामलों के कारण उन्हें टिकट मिलने की संभावना कम बताई जा रही है। इस बार केरल में कई मुद्दे चुनाव को प्रभावित कर सकते हैं। सबरीमाला मंदिर से जुड़े सोने की चोरी का मामला चर्चा में है। इसके अलावा भूकंप और भूस्खलन से प्रभावित लोगों के

## पुडुचेरी में भी चुनावी माहौल बनने लगा

पुडुचेरी में भी विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में यहां रैली करने पहुंचे। मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी ने उनका स्वागत किया। अपने भाषण में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस और डीएमके पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए और कहा कि इन दलों के शासन में विकास बाधित हुआ। हालांकि अभी पुडुचेरी में चुनाव की तारीखों का एलान नहीं हुआ है। चुनाव आयोग ने संकेत दिया है कि होली के बाद मतदान कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है। आयोग की ओर से यह भी संकेत मिला है कि यहां एक ही चरण में मतदान कराया जा सकता है। ऐसे में आने वाले दिनों में पुडुचेरी की राजनीति और गरमाने की संभावना है।

# वन्यजीव सुरक्षा के लिए बनाया डार्क स्काई पार्क



एजेंसी | चेन्नई

तमिलनाडु सरकार ने पर्यावरण संरक्षण और वन्यजीव सुरक्षा को मजबूत करने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। राज्य सरकार ने कोल्ली हिल्स में डार्क स्काई पार्क की स्थापना की है और वन्यजीवों की निगरानी के लिए एआई तकनीक से लैस ड्रोन यूनिट भी शुरू की है। सरकार का कहना है कि इन पहलों का उद्देश्य जंगलों और जैव विविधता की रक्षा करना है। साथ ही स्थानीय समुदायों को संरक्षण की प्रक्रिया में भागीदार बनाया जा रहा है। राज्य के पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन और वन विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव सुप्रिया साहू ने बताया कि सरकार अब तकनीक और समुदाय की भागीदारी के साथ संरक्षण की नई रणनीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा में स्थानीय लोगों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। इसी सोच के तहत कई नई योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनसे पर्यावरण संरक्षण के साथ स्थानीय समुदायों को भी लाभ मिल रहा है।

### डार्क स्काई पार्क के क्या-क्या फायदे ?


- रोशनी के प्रदूषण को कम करने में मदद मिलेगी।
- तारों और ग्रहों को साफ देखने की सुविधा मिलेगी।
- एस्ट्रो-टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा।
- स्थानीय पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ेगी।
- वैज्ञानिक अध्ययन और खगोल विज्ञान में रुचि बढ़ेगी।

### डार्क स्काई पार्क से एस्ट्रो-टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

तमिलनाडु के नामक्कल जिले की कोल्ली हिल्स स्थित अरियूर शोला में राज्य का पहला डार्क स्काई पार्क बनाया गया है। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस पार्क का उद्देश्य रोशनी के प्रदूषण को कम करना और एस्ट्रो-टूरिज्म को बढ़ावा देना है। यहां आधुनिक टेलिस्कोप लगाए गए हैं, जिनकी मदद से लोग तारों और आकाशीय पिंडों को साफ देख सकेंगे। सरकार का मानना है कि इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और लोगों में विज्ञान और प्रकृति के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी।

# अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत को डुबोया

## टॉरपीडो हमले में 87 नौसैनिकों की मौत, 32 को बचाया गया



एजेंसी | नई दिल्ली

**हिंद महासागर में श्रीलंका के दक्षिणी तट के पास अमेरिकी पनडुब्बी ने ईरानी युद्धपोत 'आईआरआईएस डेना' पर टॉरपीडो से हमला कर उसे समुद्र में डुबो दिया। इस घटना में कम से कम 87 नौसैनिकों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 32 लोगों को बचा लिया गया है। अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने हमले की पुष्टि करते हुए कहा कि डूबा हुआ पोत ईरान का प्रमुख युद्धपोत था। उन्होंने दावा किया कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है जब अमेरिका ने किसी दुश्मन जहाज को टॉरपीडो से डुबोया है।**

### युद्धपोत पर सवार थे 180 लोग

श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेरथ ने संसद में बताया कि 180 लोगों को ले जा रहा युद्धपोत संकट में था और डूब रहा था। सूचना मिलते ही श्रीलंका ने बचाव अभियान चलाया और नौसेना के जहाजों व वायुसेना के विमानों को रवाना किया। घायलों को दक्षिणी बंदरगाह शहर गाले के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार एक व्यक्ति की हालत गंभीर है, जबकि अन्य का उपचार जारी है।

### समुद्र में मिले तेल के धब्बे और लाइफ राफ्ट

श्रीलंकाई नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि घटनास्थल पर पहुंचने तक जहाज पूरी तरह डूब चुका था। समुद्र की सतह पर केवल तेल के धब्बे और लाइफ राफ्ट दिखाई दिए। पानी में तैर रहे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। बरामद शवों को तट पर लाया जा रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय दौरे का हिस्सा था युद्धपोत

'आईआरआईएस डेना' मौदगे श्रेणी का फ्रिगेट था, जो गहरे समुद्र में गश्त के लिए तैनात रहता था। यह भारी तोपों, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइलों, जहाज-रोधी मिसाइलों और टॉरपीडो से लैस था। वर्ष 2023 में यह दो जहाजों के अंतरराष्ट्रीय दौरे का हिस्सा भी रहा था, जिसमें दक्षिण अफ्रीका और ब्राजील सहित कई देशों के बंदरगाह शामिल थे। अमेरिकी सेना के केंद्रीय कमान प्रमुख ने दावा किया कि मौजूदा संघर्ष के दौरान अब तक कम से कम 17 ईरानी नौसैनिक जहाज डूब चुके हैं।

# दिग्गज पत्रकार एच.के. दुआ का निधन

एजेंसी | नई दिल्ली



एच.के. दुआ का बुधवार को 88 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे पिछले तीन सप्ताह से बीमार थे और एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार लोधी रोड श्मशान घाट पर किया जाएगा। 1 जुलाई 1937 को जन्मे दुआ ने 'द हिंदुस्तान टाइम्स', 'द इंडियन एक्सप्रेस' और 'द ट्रिब्यून' जैसे प्रतिष्ठित अखबारों में संपादक के रूप में सेवाएं दीं। वे 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' के संपादकीय सलाहकार भी रहे और अपनी बेबाक राजनीतिक समझ व संपादकीय स्वतंत्रता के लिए पहचाने जाते थे।

### राजनीतिक और कूटनीतिक भूमिका

एच.के. दुआ ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और एच.डी. देवेगौड़ा के मीडिया सलाहकार के रूप में भी कार्य किया। वर्ष 2001 से 2003 तक वे डेनमार्क में भारत के राजदूत रहे और 2009 से 2015 तक राज्यसभा के मनोनीत सदस्य बने। उन्होंने विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विषयों पर संसद में अहम योगदान दिया। भारत सरकार ने उन्हें 'पद्म भूषण' से सम्मानित किया था, जबकि पंजाब और कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने डी.लिट की मानद उपाधि प्रदान की।

# केंद्र ने सीएए पर कार्रवाई के लिए गठित कीं दो और समितियां




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारतीय नागरिकता मांगने वाले आवेदनों पर निर्णय लेने के मकसद से दो और अधिकार प्राप्त समितियों का गठन किया। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में पहले से ही ऐसी दो समितियां हैं लेकिन बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त होने के मद्देनजर दो अतिरिक्त समितियों के गठन का निर्णय लिया गया। इस समिति की अध्यक्षता भारत सरकार के उप सचिव स्तर या उससे उच्च रैंक के अधिकारी द्वारा की जाएगी और उस अधिकारी को भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त द्वारा नामित किया जाएगा।

**पश्चिम एशिया संकट** खाड़ी क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा पर सरकार की पैनी नजर

# भारतीयों की मदद के लिए दिल्ली में बना कंट्रोल रूम, पूरी डिटेल

एजेंसी | नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में तेजी से बिगड़ते हालात के बीच भारत सरकार ने अपने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर अहम कदम उठाया है। अमेरिका और इजरायल द्वारा ईरान पर बढ़ते हमलों और उसके बाद क्षेत्र में बढ़े तनाव को देखते हुए भारत ने नई दिल्ली में एक विशेष कंट्रोल रूम बनाया है, ताकि खाड़ी देशों में मौजूद भारतीय नागरिकों को तत्काल सहायता दी जा सके। विदेश मंत्रालय (MEA) ने बुधवार को बताया कि यह कंट्रोल रूम सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक काम करेगा। भारतीय नागरिक किसी भी आपात स्थिति में टोल-फ्री नंबर 1800118797 पर संपर्क कर सकते हैं।



### मिडिल ईस्ट में बढ़ा तनाव

दरअसल, हाल ही में अमेरिका और इजरायल ने ईरान पर बड़े हमले किए, जिनमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत की खबर सामने आई। इसके बाद तेहरान ने जवाबी कार्रवाई करते हुए खाड़ी क्षेत्र के कई देशों को निशाना बनाया। ईरान की ओर से किए गए जवाबी हमलों के दौरान कुवैत, बहरीन और संयुक्त अरब अमीरात के ऊपर मिसाइल और ड्रोन हमलों की कोशिशें हुईं, जिन्हें कई जगहों पर इंटरसेप्ट कर लिया गया। इन घटनाओं के चलते कुछ समय के लिए कई देशों का एयरस्पेस भी बंद करना पड़ा। इन हमलों में सेना के साथ-साथ आम नागरिकों को भी नुकसान होने की खबरें सामने आई हैं।

### दशकों में सबसे गंभीर टकराव

इस बढ़ते टकराव के बीच अमेरिकी सेना ने भी जवाबी कार्रवाई तेज कर दी है। अमेरिकी नेवी ने कई सैन्य ऑपरेशन शुरू किए हैं, जिससे वाशिंगटन और तेहरान के बीच तनाव और गहरा गया है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पिछले कई दशकों में दोनों देशों के बीच सबसे गंभीर और लगातार चलने वाला टकराव बनता जा रहा है।